वर्ष : 34 ▸ अंक : 05 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, बुधवार, 12 मार्च 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

नौकरशाह जमीनी लोकतंत्र को विफल नहीं कर सकते : सुप्रीम कोर्ट

▸ पेज - 8

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

पेरिस फैशन वीक में दिखा दीपिका का जलवा

▸ पेज - 7

पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक

- बलूच आर्मी ने 30 सैनिकों को मारा, 214 यात्री कैद में
- बलूच लड़ाकों की रिहाई के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम

एजेंसी । इस्लामाबाद

पाकिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी (BLA) ने मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे हाईजैक कर लिया। BLA ने बयान जारी कर बताया कि 214 पैसेंजर्स को बंधक बना रखा है, जबकि 30 पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या कर दी है। बलोच उग्रवादियों ने बंधकों को युद्धबंदी कहा है। BLA ने अपने लड़ाकों के रिहाई के बदले इन बंधकों की अदला-बदली करने के लिए सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। BLA का कहना है कि यह फैसला बदलेगा नहीं। जाफर एक्सप्रेस सुबह 9 बजे क्वेटा से पेशावर के लिए चली थी। इसके सिबि पहुंचने का टाइम 1.30 बजे था। इसके पहले ही दोपहर करीब 1 बजे बलूचिस्तान के बोलान जिले के माशकाफ इलाके में हुआ। शाम 10 बजे के अपडेट तक 8 घंटे बाद तक भी ट्रेन पूरी तरह BLA के लड़ाकों के नियंत्रण में है। पिछले साल 25 और 26 अगस्त 2024 की दरमियानी रात BLA ने इस ट्रेन के रूट में कोलपुर और माच के बीच एक ब्रिज को उड़ा दिया था।

पहाड़ी इलाके का फायदा उठाकर BLA ने किया अटैक

- बलूच लिबरेशन आर्मी ने बोलान के माशकाफ में गुडालार और पीरू कुनरी के बीच इस हमले को अंजाम दिया है। यह पहाड़ी इलाका है, जहां 17 सुरंगें हैं, इसके चलते ट्रेन को धीमी स्पीड पर चलाना पड़ता है। इसका फायदा उठाकर BLA ने ट्रेन पर हमला किया।
- सबसे पहले बलूच आर्मी ने माशकाफ में टनल नंबर-8 में रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया। इससे जाफर एक्सप्रेस डिरेल हो गई। इसके बाद BLA ने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में ट्रेन का ड्राइवर भी घायल हुआ।
- इस ट्रेन में सुरक्षाबलों, पुलिस और ISI के एजेंट्स सफर कर रहे थे। सभी पंजाब जा रहे थे। इन्होंने BLA के हमले का जवाब दिया, लेकिन BLA ने ट्रेन पर कब्जा कर लिया। इस दौरान 11 सुरक्षाकर्मी मारे गए।
- घटना की जानकारी मिलने पर पाकिस्तान आर्मी ने BLA पर जमीनी फायरिंग की और हवा से बम भी बरसाए, लेकिन BLA लड़ाकों ने किसी तरह आर्मी के जमीनी ऑपरेशन को रोक दिया।

दायित्वनामा

सत्य और आदर



कहते हैं यात्राएं हमें समृद्ध बनाती हैं, मनुष्य ने जीवन को बेहतर बनाने के लिए हमेशा यात्राएं की हैं। खुद को तलाशने की ऐसी एक यात्रा में एक बहुत प्यारे इंसान ने कहा,'अरुण आज के युग में चीजें इसलिए भी बदल गईं हैं कि हमने अपने बड़ों का आदर कम कर दिया है और हमने उनकी गलतियां देखनी शुरू कर दीं हैं। हमारे जमाने में तो हम सोच भी नहीं सकते थे कि माता-पिता में कोई कमियां हो सकती हैं, या उनसे कोई गलती हो सकती है। पर आज के बच्चे सही-गलत पर माता-पिता को टोक देते हैं।'

अरुण लाल
arunlal.y@gmail.com

अब यह सही है या गलत इसकी चर्चा बहुत बड़ी हो जाएगी। पर हम यहां इस बात की चर्चा करना चाहते हैं कि अभी हाल में ही एक ऐसा समय भी रहा जब जीवन में सत्य सही और गलत के चश्मे से ही नहीं देखा जाता था। कहने का अर्थ यह है कि मानव जीवन की विविधता इतनी गहरी है कि कहीं न कहीं मनुष्य की निजता एक-दूसरे से टकरा ही जाती है। यदि इसे और सरल भाषा में कहना चाहें तो कह सकते हैं कि हर इंसान का सत्य अलग-अलग है। ऐसे में अक्सर लोगों के सत्य एक-दूसरे के सामने खड़े होते हैं। अब ऐसे में पहले ऐसी परिस्थिति में अनिवार्य रूप से माता-पिता के सत्य को मान्यता दी जाती थी, और बच्चा सहज रूप से अपना सत्य विड्रा कर लेता था। पर आप के समय में ऐसा कतई नहीं होता। यदि हम उदाहरण के तौर पर देखें तो भगवान श्रीराम को बिना गलती की 14 वर्ष का वनवास दिया गया। इसमें राजा दशरथ ने अपने वचन का मान रखा और बेटे को वन भेजा, इसके बाद उन्होंने वियोग में राम-राम करके प्राण त्याग दिए। इधर राम ने पिता की आज्ञा से वन गमन किया। सीता और लक्ष्मण भी उनके साथ हो लिए।

आज यदि ऐसा होता तो सबसे पहले राम कहते, 'पिताजी आप मेरे भगवान हैं, पर कृपया बताएं कि मुझे किस बात का दंड मिल रहा है। आपने ऐसा वचन दिया ही क्यों..! मेरा भी परिवार है, सीता राजकुमारी हैं, मैं कहां वन में लिए फिरता रहूंगा..?' कहीं राम संकोच कर कुछ नहीं बोलते, तो आज की सीता यह जरूर कहती कि 'पिताजी ये सबसे बड़े हैं, और सीधे तो क्या आप इनके साथ अन्याय करेंगे। 14 साल में तो हमारा जीवन समाप्त हो उठेगा, हमारी गृहस्थी तो बनने से पहले उजड़ जाएगी।' वगैरह-वगैरह। आज के परिपेक्ष में राम और सीता का वन जाने से इंकार करना कतई गलत नहीं होता, पर क्या यह सही भी है। क्या इस इंकार के बाद राम मर्यादा पुरुषोत्तम बनते!

दोनों ही अपनी जगह ठीक हैं, न्याय दोनों की तरफ है, पर क्या सत्य का दामन पकड़े हुए लोग एक दूसरे के सत्य के लिए थोड़ा स्थान निकाल सकेंगे। क्योंकि दो लोग अगर अपने-अपने सत्य के साथ अड़े रहेंगे तो उनके बीच कोई संबंध नहीं डेवलप हो सकता। आज के समय में रिश्ते तेजी से बिखर रहे हैं। जब किसी बिखरते रिश्ते को करीब से देखेंगे, तो दोनों पक्ष अपने सत्य को कसकर पकड़े हुए मिलेगा। ऐसा सत्य जिसमें दूसरे के सत्य के लिए कोई स्थान नहीं..!

कुल मिलाकर हम यह कहना चाहते हैं कि वर्तमान में माता-पिता, पति-पत्नी, भाई-बहन, दोस्त या दूसरे किसी रिश्ते में जब लोग अपने सत्य पर अडिग खड़े हो जाते हैं, तब रिश्तों में तनाव बढ़ता है, और आती है कड़वाहट। जब कड़वाहट जीवन में हो तब जीवन उत्सव नहीं बन सकता। इसलिए हम यहां अपना दायित्व समझते हैं, कि आप सभी के सामने यह तथ्य रखें कि आपका सच तभी बेहतर है जब वह दूसरों के सच को उदारता से स्वीकार कर लेता हो। यदि तनावरहित जीवन जीना है तो जीवन में प्रेम और श्रद्धाभाव की जरूरत है। सत्य तभी सत्य है, जब वह दूसरे के सत्य को स्वीकार करे।

न्यूज ब्रीफ

दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के

नई दिल्ली। दुनिया को 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के हैं। मेघालय का बर्नीहाट शीर्ष पर है। वहीं, दिल्ली सबसे प्रदूषित कैपिटल की कैटेगरी में टॉप पर है। स्विस एयर क्वालिटी टेक्नॉलॉजी कंपनी IQ एयर की 2024 की रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट में भारत को दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में पांचवां स्थान दिया गया है। 2023 में हम तीसरे स्थान पर थे यानी पहले से दो स्थान नीचे आए हैं। मतलब भारत में पहले से प्रदूषण को लेकर कुछ सुधार हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में भारत में PM 2.5 के स्तर में 7% की गिरावट देखी गई।

साइबर अपराधियों पर नकेल कस रही सरकार

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) की ओर से चलाए जा रहे 'प्रतिबिंब' मॉड्यूल के जरिए अब तक 6,046 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। केंद्र सरकार ने मंगलवार को संसद में यह जानकारी दी। गृह राज्य मंत्री बी. संजय कुमार ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि 'प्रतिबिंब' मॉड्यूल अपराधियों के ठिकानों का पता लगाने का काम करता है। यह अंतरराज्यीय साइबर अपराधियों के नेटवर्क की पहचान कर कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ठोस जानकारी उपलब्ध कराता है। मंत्री ने बताया कि 'समन्वय' नामक एक प्लेटफॉर्म भी शुरू किया गया है, जो कानून प्रवर्तन एजेंसियों को साइबर अपराध डेटा साझा करने और विश्लेषण करने में मदद करता है। यह विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में साइबर अपराधियों के आपसी संपर्क और गतिविधियों का विश्लेषण करने में सहायक है।

गृह राज्य मंत्री के अनुसार, 'प्रतिबिंब' मॉड्यूल की मदद से अब तक 6,046 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही, 36,296 साइबर जांच सहायता अनुरोध प्राप्त हुए हैं।

'जाम' पर लगाम की तैयारी

- शराब दुकान खोलने के लिए अब जरूरी होगी एनओसी
- अवैध कारोबार पर भी होगी सख्त कार्रवाई

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने विधानसभा में घोषणा की है कि राज्य में किसी भी हाउसिंग सोसायटी की दुकानों में शराब या बीयर की दुकान खोलने के लिए संबंधित सोसायटी का नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) अनिवार्य होगा। यदि सोसायटी मंजूरी नहीं देती है, तो वहां शराब की दुकान नहीं खोली जा सकेगी।

दुकान खोलने पर सख्ती

अजित पवार ने यह घोषणा विधानसभा में भाजपा विधायक महेश लांडगे द्वारा उठाए गए मुद्दे के जवाब में की। उन्होंने कहा कि यह फैसला हाउसिंग सोसायटियों के शांतिपूर्ण वातावरण को बनाए रखने, युवाओं को नशे की लत से बचाने और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में मदद करेगा।

सहमति अनिवार्य

महेश लांडगे ने विधानसभा में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हाउसिंग सोसायटियों में शराब और बीयर की दुकानें खुलने से महिलाओं और बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और कई बार कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ जाती है।

नए शराब बिक्री लाइसेंस नहीं दिए जा रहे

अजित पवार ने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार शराब की बिक्री को बढ़ावा देने के खिलाफ है और अवैध शराब बिक्री को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में दशकों से शराब बिक्री के नए लाइसेंस नहीं दिए जा रहे हैं। साथ ही, स्कूल, कॉलेज और धार्मिक स्थलों के पास शराब की दुकान खोलने की अनुमति नहीं है।

सरकार के फैसले की सराहना

सदन में मौजूद सुधीर मुनगंटीवार, राहुल कुल सहित कई विधायकों ने सरकार के इस फैसले की सराहना की और इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यह निर्णय हाउसिंग सोसायटियों के निवासियों को राहत देगा और समाज में नशामुक्ति अभियान को मजबूती प्रदान करेगा।

लीलावती अस्पताल में 1500 करोड़ का गबन



- काला जादू और तंत्र-मंत्र का भी आरोप
- तीन पर मामला दर्ज

मुंबई। मुंबई के मशहूर लीलावती अस्पताल को संचालित करने वाले चैरिटेबल ट्रस्ट ने पूर्व ट्रस्टियों और संबंधित व्यक्तियों पर 1500 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय गड़बड़ी का आरोप लगाया है। लीलावती किर्तिलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट ने इस संबंध में प्रवर्तन निदेशालय और बांद्रा पुलिस स्टेशन में अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराई हैं। ट्रस्ट ने यह भी दावा किया है कि अस्पताल परिसर में पूर्व ट्रस्टियों और उनके सहयोगियों द्वारा काला जादू किया गया था। ट्रस्ट का दावा है कि अस्पताल परिसर में काला जादू से जुड़ी कुछ सामग्रियां जैसे मानव खोपड़ियां मिलीं। शिकायतों में कहा गया है कि लीलावती अस्पताल के वित्तीय रिकॉर्ड की फोरेंसिक ऑडिट में यह भारी वित्तीय हेराफेरी उजागर हुई, जिससे ट्रस्ट की संचालन व्यवस्था और इस प्रमुख निजी अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ा है।

अगले 5 साल तक सूबे को मिलेगी सस्ती बिजली

- फडणवीस ने विधानसभा में दी खुशखबरी
- बिजली दरों में कटौती के लिए सरकार ने एमईआरसी में दाखिल की याचिका

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि अगले 5 वर्षों तक राज्य के लोगों को सस्ती बिजली मिलेगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने महाराष्ट्र विद्युत विनियामक आयोग (एमईआरसी) के समक्ष बिजली दरों में कटौती की याचिका प्रस्तुत की है। फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की तर्ज पर राज्य सरकार भी अपनी स्वतंत्र सौर ऊर्जा योजना शुरू करने जा रही है। इससे राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

बिजली कंपनियों की याचिका पर जानकारी

शिवसेना (शिंदे) गुट के विधायक मुरजी पटेल ने विधानसभा में पूछा कि क्या मुंबई की बिजली कंपनियों—बेस्ट, टाटा पावर और अदानी पावर—ने बिजली दरों को कम करने के लिए एमईआरसी में कोई याचिका दाखिल की है? इस पर फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने खुद एमईआरसी को अगले 5 वर्षों तक हर साल बिजली दरों में कटौती करने के लिए याचिका दी है।

सौर ऊर्जा संयंत्रों से बढ़ेगी बिजली उत्पादन क्षमता

फडणवीस ने बताया कि सरकार उन इमारतों के लिए नई योजना पर विचार कर रही है, जिनकी छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा सकते हैं। इससे राज्य में बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली मिल सकेगी।

2025 से 2030 के बीच होगी बिजली दरों में कटौती

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली नियामक आयोग को ही बिजली शुल्क तय करने का अधिकार है, लेकिन सरकार को उम्मीद है कि 2025 से 2030 के बीच बिजली दरों में कटौती की जाएगी। इससे महाराष्ट्र के लोगों को आर्थिक राहत मिलेगी।

हरित ऊर्जा से होगी 1.13 लाख करोड़ की बचत

वित्त मंत्री अजित पवार ने सोमवार को कहा था कि बिजली दरों में कटौती के लिए हरित और सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे अगले 5 वर्षों में राज्य को करीब 1.13 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी, जिसका सीधा लाभ राज्य के उपभोक्ताओं को मिलेगा।

अब लाडली बहनें नहीं रहीं 'लाडली'

मुंबई। बजट में सरकार ने लाडली बहनों की किस्त 1500 रुपए से बढ़ाकर 2100 रुपए प्रतिमाह करने का अपना चुनावी वादा नहीं निभाया। इस पर विपक्ष को आक्रामक हो गया। विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान विपक्षी नेताओं ने विधान भवन की सीढ़ियों पर धरना दिया। विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी (MVA) में शामिल शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के विधायकों ने हाथ में गाजर लेकर सरकार को 'झांसा सरकार' करार दिया और राज्य की जनता, किसानों एवं खासकर लाडली बहनों से विश्वासघात करने का आरोप लगाया। इस दौरान विपक्षी विधायक 'गुलाबी जैकेट गुम हो गया, लाडली बहनों को भूल गए', 'गाजर गुलाबी, जैकेट गुलाबी और उस सरकार को शर्म आनी चाहिए, जो किसानों का कर्जा माफ नहीं करती', आदि नारे लगाते दिखे। हालांकि सरकार में शामिल सभी लोग बजट का बखान कर रहे हैं लेकिन लाडली सहित दूसरी योजनाओं पर बात नहीं कर रहे हैं।

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार सख्त

- 'अल्कोहल' के साथ 'ड्रग्स' जांच भी करेगी अनिवार्य

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने और सड़क हादसों में होने वाली मौतों को कम करने के लिए नए सख्त कदम उठा रही है। अब तक पुलिस वाहन चालकों का अल्कोहल सेवन परीक्षण करती थी, लेकिन जल्द ही ड्रग्स सेवन की जांच भी अनिवार्य कर दी जाएगी। इसके लिए ड्रग्स परीक्षण मशीनें जल्द उपलब्ध कराई जाएंगी, यह जानकारी परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने विधानसभा में प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान दी।

लाइसेंस के नियम होंगे और सख्त

सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार ने ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने के नियमों को कड़ा कर दिया है। 263 इंटरसेप्टर वाहन खरीदे गए हैं, जिससे गति पर नियंत्रण किया जा सके। 38 स्थानों पर स्वचालित ड्राइविंग परीक्षण शुरू किए गए, जहां 70% आवेदक अयोग्य पाए गए हैं।

ITMS प्रणाली लागू होगी, PPP मॉडल के तहत योजना

सरकार एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली (ITMS) लागू करने की योजना बना रही है, जो 9 राष्ट्रीय राजमार्गों और 21,400 किलोमीटर महत्वपूर्ण सड़कों पर लागू होगी। यह सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) मॉडल के तहत शुरू की जाएगी, जिससे यातायात नियमों के उल्लंघन को रोका जा सकेगा। दुर्घटना संभावित स्थानों की मरम्मत वन एवं लोक निर्माण विभाग के सहयोग से की जाएगी। MSRTC की बसों से दुर्घटनाओं में मृत्यु होने पर 10 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुंबई शहर में यातायात नियमों को और सख्ती से लागू किया जाएगा।

पत्रकार प्रशांत कोरटकर को बॉम्बे हाई कोर्ट से झटका

- कोल्हापुर सत्र न्यायालय को राज्य सरकार का पक्ष सुनने का निर्देश
- अदालत ने मोबाइल हैकिंग पर की गई टिप्पणी हटाने का भी आदेश दिया

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने नागपुर के पत्रकार प्रशांत कोरटकर को झटका देते हुए कोल्हापुर सत्र न्यायालय को उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार का पक्ष सुनने का निर्देश दिया है। साथ ही, अदालत ने कोरटकर द्वारा मोबाइल हैक कर धमकी देने के दावे पर की गई टिप्पणी को हटाने का भी आदेश दिया है।

क्या है मामला?

प्रशांत कोरटकर पर इतिहासकार इंद्रजीत सावंत को फोन कर छत्रपति शिवाजी महाराज और छत्रपति संभाजी महाराज के बारे में आपत्तिजनक बयान देने का आरोप है। इस मामले में राज्य सरकार ने कोल्हापुर सत्र न्यायालय द्वारा दी गई कोरटकर की अंतरिम जमानत को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।

राज्य सरकार का पक्ष सुने बिना दी गई थी जमानत

न्यायमूर्ति राजेश पाटील की एकल पीठ के समक्ष हुई सुनवाई में सरकारी वकील ने दलील दी कि कोरटकर को अंतरिम जमानत देते समय कोल्हापुर सत्र न्यायालय ने राज्य सरकार का पक्ष नहीं सुना था। इस पर पीठ ने स्पष्ट किया कि सत्र न्यायालय को कोरटकर की अग्रिम जमानत याचिका पर सरकारी वकीलों और राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद ही निर्णय लेना चाहिए।

इतिहासकार के वकील ने उठाए सवाल

सुनवाई के दौरान इतिहासकार इंद्रजीत सावंत के वकील असीम सरोदे ने कहा कि कोरटकर की याचिका पर जब अदालत ने उन्हें गिरफ्तारी से संरक्षण दिया, तब उनकी बात नहीं सुनी गई। उन्होंने मांग की कि इस बार उनकी बात सुनी जानी चाहिए। अब कोल्हापुर सत्र न्यायालय में बुधवार को प्रशांत कोरटकर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई होगी, जिसमें राज्य सरकार का पक्ष भी सुना जाएगा।

ठाणे में कचरा संकट

'समाधान नहीं हुआ तो मनपा मुख्यालय के सामने फेंका जाएगा कचरा'

- राकांपा का मनपा प्रशासन को अल्टीमेटम

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे शहर में लगातार बढ़ रहे कचरे के ढेर से नागरिकों को भारी परेशानी हो रही है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित गुट) के प्रदेश प्रवक्ता आनंद परांजपे ने ठाणे मनपा प्रशासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तीन-चार दिनों के भीतर इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो राकांपा कार्यकर्ता ठाणे मनपा मुख्यालय के सामने कचरा फेंककर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

क्या ठेकेदार के लिए पैदा किया जा रहा कचरा संकट?

परांजपे ने आरोप लगाया कि ठाणे नगर निगम के कुछ अधिकारी मुंब्रा में अनधिकृत निर्माण स्थलों से कचरा उठाने पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं, जबकि पूरे शहर में कचरे के ढेर लगे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह संकट जानबूझकर पैदा किया गया है, ताकि एक विशेष ठेकेदार को फायदा पहुंचाया जा सके? उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसी ठेकेदार को मुंबई नगर निगम में 1,400 करोड़ रुपये के ठेके से बाहर कर काली सूची में डाला था, लेकिन अब उसे ठाणे में फिर से ठेका देने की कोशिश की जा रही है। परांजपे ने आरोप लगाया कि मनपा प्रशासन कचरा डंपिंग की समस्या को हल करने में पूरी तरह विफल रहा है।

मुंब्रा में अनधिकृत निर्माण पर भी उठाए सवाल

परांजपे ने मुंब्रा में बड़े पैमाने पर चल रहे अनधिकृत निर्माण कार्यों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मुंब्रा में सहायक आयुक्त के पद को लेकर मनपा अधिकारियों के बीच प्रतिस्पर्धा चल रही है, क्योंकि इस क्षेत्र में भारी निर्माण कार्य और उससे जुड़े लेन-देन हो रहे हैं। उन्होंने ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव से अपील की कि वे खान कंपाउंड और सहारा सिटी जैसे क्षेत्रों का दौरा करें, जहां बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण हो रहा है।

लावारिस वाहन बने जंजाल, मनपा ने छेड़ा अभियान

मुंबई। सड़कों पर लावारिस पड़े वाहन न केवल शासन-प्रशासन बल्कि आम जनता के लिए सिरदर्द बनते जा रहे हैं। ट्रैफिक की समस्या के साथ पैदल यात्रियों को परेशानी होती है। लगातार मिल रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए मुंबई मनपा ने एसे वाहनों के खिलाफ अभियान छेड़ा है। मंगलवार को मनपा प्रशासन ने सड़क किनारे खड़े 54 लावारिस वाहनों को उठाया और 154 वाहन मालिकों को नोटिस जारी की। मनपा के एफ (उत्तर) वार्ड की ओर से माटुंगा क्षेत्र में अभियान चलाया गया। क्षेत्र की विभिन्न सड़कों पर खड़े और यातायात में बाधा बन रहे लावारिस वाहनों को उठाया गया। वाहन मालिकों को अपने खराब वाहन सड़क से हटाने के लिए नोटिस जारी की गई। यह कार्रवाई मनपा उपायुक्त (जोन-2) प्रशांत सपकाले और एफ (उत्तर) प्रभाग के सहायक आयुक्त नितिन शुक्ला के नेतृत्व में की गई। माटुंगा क्षेत्र के बालकृष्ण सुले मार्ग, रफी अहमद किदवई मार्ग, रावली गणतरा मार्ग, शेख मिस्त्री दरगाह मार्ग, कोरबा मीठागर रोड, वडाला फायर स्टेशन मार्ग और अन्य मार्गों पर खड़े लावारिस वाहनों को उठाया गया। निर्देश दिए जाने के बाद संबंधित वाहन मालिकों ने 37 वाहन स्वयं हटा लिए थे। लेकिन जिन्होंने कोई प्रतिसाद नहीं दिया उनके वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

मलबे को लेकर पीडब्ल्यूडी और एमएमबी में ठनी

मुंबई। मुंबई मैरीटाइम बोर्ड (एमएमबी) और लोकनिर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में मलबे के डंपिंग को लेकर ठन गई है। इस संबंध में एमएमबी ने पीडब्ल्यूडी को दक्षिण मुंबई के कार्टर रोड के समुद्र तट पर मलबा अनाधिकृत रूप से फेंकने पर कड़ी आपत्ति जताई है। पत्र लिखकर हिदायत दी गई है कि इसे तुरंत रोका जाए और वहां से मलबा हटाया जाए। एमएमबी ने कार्टर रोड के रेतीले समुद्र तट पर पत्थर के टुकड़े और सीमेंट के मलबे को फेंकने को लेकर पीडब्ल्यूडी से लिखित शिकायत की है। एमएमबी के अनुसार संज्ञान में आया है कि पांच ट्रकों ने 8 मार्च 2025 को कार्टर रोड समुद्र तट पर मलबा फेंका है। इसलिए तत्काल निर्देश दिया जाता है कि उक्त स्थान से डंप किए गए मलबे को तुरंत हटाया जाए। जोर दिया गया है कि परियोजना को क्रियान्वित करने वाली किसी भी एजेंसी को मुंबई के तटरेखा पर काम शुरू करने से पहले बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करना होगा। एमएमबी ने उल्लेख किया कि उसने कार्टर रोड पर चल रहे निर्माण के लिए कोई एनओसी जारी नहीं की है।

महिलाओं द्वारा निर्मित वस्तुओ का गांवदेवी में मेला



ठाणे। ठाणे में एक अनूठा महिला सशक्तिकरण समारोह आयोजित किया जाएगा। ठाणे जिले के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों में महिलाओं द्वारा उत्पादित विभिन्न वस्तुओं को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कोंकण विभाग, जिला ग्रामीण विकास एजेंसी, ठाणे और महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण आजीविका संवर्धन मिशन द्वारा संयुक्त रूप से विभागीय, जिला स्तरीय और मिनी सरस बिक्री प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। 'सरस बिक्री प्रदर्शनी 12 मार्च से 16 मार्च, 2025 तक गावदेवी मैदान, ठाणे स्टेशन रोड, ठाणे - (पश्चिम) में सुबह 10.00 बजे से रात 10.00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

प्रॉपर्टी टैक्स न भरने वाले दो डेवलपर्स की संपत्ति जब्त

मुंबई। मुंबई महानगरपालिका ने प्रॉपर्टी टैक्स बकाएदारों के खिलाफ जब्ती और नीलामी की कार्रवाई शुरू कर दी है। मनपा के कर निर्धारण व संग्रह विभाग ने सोमवार को 2 संपत्तियों को जब्त कर लिया. इन पर कुल 21 करोड़ 63 लाख 56 हजार 867 रुपए प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। जिन डेवलपर्स की संपत्ति जब्त की गई है, उसमें सुमेर बिल्ट कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड और आर.आर. डेवलपर्स शामिल हैं। सुमेर बिल्ट के पास 18 करोड़ 1 लाख 36 हजार 164 रुपए,जबकि आर.आर. डेवलपर्स पर 3 करोड़ 62 लाख 20 हजार 703 रुपए बकाया है. सुमेर बिल्ट कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड का मझगांव (ई सेक्टर) में एक प्लॉट है। इस भूखंड के टैक्स के लिए 11 फरवरी 2025 को मांग पत्र जारी किया गया था। निर्धारित 21 दिनों के भीतर कर का भुगतान न करने पर मनपा ने जब्ती और कुर्की की कार्रवाई की।

पानी आरक्षण और स्वतंत्र स्रोत विकसित करने की मांग पर बैठक

- जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन ने समाधान का दिया आश्वासन

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

शहर में स्वतंत्र जल स्रोत विकसित करने और उल्हासनगर के नाम पर पानी का आरक्षण करने की मांग को लेकर आमदार कुमार आयलानी ने जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। यह बैठक विधान भवन स्थित कार्यालय में संपन्न हुई, जिसमें प्रधान सचिव दीपक कपूर, कार्यकारी अभियंता चव्हाण, मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले, एसडीओ विजयानंद शर्मा और जलापूर्ति विभाग के अधिकारी अशोक घुले भी उपस्थित रहे।

जल संसाधन मंत्री का आश्वासन

जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए कहा कि जल्द ही इस विषय पर ठोस समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में संभावित विकल्पों का अध्ययन करने और आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

बैठक में किन मुद्दों पर चर्चा हुई?

- उल्हासनगर के लिए 178 दस लाख लीटर (MLD) पानी का आरक्षण करने की मांग।
- शहर के लिए स्वतंत्र जल स्रोत विकसित करने की आवश्यकता।
- वर्तमान में एमआईडीसी के आरक्षण के तहत मिलने वाले पानी की ऊंची दर और अतिरिक्त खर्च पर चर्चा।
- आने वाले समय में 38 MLD अतिरिक्त पानी आरक्षित करने की आवश्यकता।

एमआईडीसी पर अतिरिक्त खर्च का मुद्दा

आमदार आयलानी ने बताया कि उल्हासनगर को अब तक कोई स्वतंत्र जल आरक्षण प्राप्त नहीं हुआ है और शहर को मिलने वाला पानी एमआईडीसी के आरक्षण से आपूर्ति किया जाता है। एमआईडीसी द्वारा उच्च दरों पर पानी शुल्क वसूला जाता है, साथ ही पानी की सप्लाई के लिए बिजली और बूस्टर पंपों पर अतिरिक्त खर्च आता है, जो नागरिकों के लिए आर्थिक रूप से बोझ बन रहा है।

अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति

इस बैठक में कल्याण पूर्व की आमदार सुलभा गायकवाड़ और आमदार किशन कथोरे भी उपस्थित रहे, जिन्होंने शहर की जल आपूर्ति की स्थिति को सुधारने की जरूरत पर जोर दिया। इस बैठक के बाद उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही उल्हासनगर को स्वतंत्र जल स्रोत और अतिरिक्त पानी आरक्षण की सुविधा मिल सकेगी, जिससे नागरिकों को राहत मिलेगी।

डॉक्टरों की बेरुखी से मानवता शर्मसार

अस्पताल में 24 घंटे तक तड़पता रहा घायल किसान

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) के सायन अस्पताल में लापरवाही और अमानवीयता का मामला सामने आया है। सोलापुर के 87 वर्षीय किसान बालू कटके, जो गंभीर सड़क दुर्घटना में घायल हुए थे, उन्हें उनके परिजन इलाज के लिए मुंबई लाए, लेकिन अस्पताल में भर्ती करने की बजाय डॉक्टरों ने जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया।

छह घंटे बाद भी इलाज नहीं, स्ट्रेचर पर पड़ा रहा मरीज

बालू कटके को गंभीर चोटों के बाद सोलापुर के अश्विनी अस्पताल में भर्ती किया गया था, लेकिन 23 दिन बाद भी सुधार न होने पर उनके परिजन उन्हें मुंबई लाए। छह घंटे के सफर के बाद जब वे सायन अस्पताल पहुंचे, तो आपातकालीन विभाग के ऑर्थोपेडिक डॉक्टर परेश और न्यूरो डॉक्टर शेतना इस बात पर बहस करते रहे कि मरीज को कौन देखेगा। 24 घंटे तक मरीज स्ट्रेचर पर पड़ा तड़पता रहा, मगर डॉक्टरों को रहम नहीं आया।

सांसद के हस्तक्षेप के बाद भर्ती हुआ मरीज

डॉक्टरों ने मरीज को एडमिट करने से इनकार करते हुए अस्पताल प्रशासन के उस आदेश का हवाला दिया, जिसमें निजी अस्पतालों से आए मरीजों को भर्ती न करने की बात कही गई थी। मरीज के बेटे विष्णु ने सहायक मेडिकल अफसर डॉ. रणधीर सिंह से मदद मांगी, लेकिन डॉक्टरों ने मरीज की उम्र का हवाला देते हुए लापरवाही दिखाई। अंततः सांसद संजय दीना पाटील के हस्तक्षेप के बाद 24 घंटे बाद मरीज को आईसीयू में भर्ती किया गया।

सांसद संजय पाटील ने की कार्रवाई की मांग

इस मामले पर सांसद संजय दीना पाटील ने कहा कि डॉक्टरों का यह रवैया अस्वीकार्य है और लापरवाही के कारण मरीज की जान जा सकती थी। उन्होंने कहा कि BMC अस्पतालों की हालत वेंटिलेटर पर है, और वह इस मुद्दे को संसद में उठा चुके हैं। सांसद पाटील ने मनपा आयुक्त भूषण गगरानी से शिकायत कर लापरवाह डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

सरकारी अनाज की कालाबाजारी का भंडाफोड़

- राशन दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज, पुलिस कर रही जांच

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

शहर में सरकारी राशन दुकानों से अनाज की कालाबाजारी की शिकायतों के बढ़ते मामलों के बीच, नवनियुक्त रेशनिंग अधिकारी रत्नदीप सावंत ने शांतिनगर रोड स्थित पिरानी पाड़ा इलाके में राशन दुकान नंबर 37 फ़ 87 पर छापा मारा।

छापेमारी में हुआ बड़ा खुलासा

कार्रवाई के दौरान पाया गया कि दुकानदार नागरिकों को समय पर अनाज न देकर अधिक मात्रा में अनाज इकट्ठा कर रहा था और उसे ऊंची कीमतों पर ब्लैक मार्केट में बेच रहा था। इस प्रकरण में शांतिनगर पुलिस ने राशन अधिकारी रत्नदीप अनंत सावंत की शिकायत पर दुकानदार मोबीन अली शब्बीर अली शाह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है, जिसे सहायक पुलिस निरीक्षक सुरेश चोपड़े देख रहे हैं।

भिवंडी में बढ़ती अनियमितताएं

भाड़े पर चलाई जा रही हैं राशन दुकानें : सूत्रों की मानें तो भिवंडी की ज्यादातर राशन दुकानें ठेके पर दी गई हैं, जिसके कारण कार्ड धारकों को समय पर अनाज नहीं मिल रहा है।

अनाज में कटौती का आरोप : कार्ड धारकों का कहना है कि अगर किसी कार्ड में 5 नाम दर्ज हैं, तो दुकानदार केवल 4 लोगों का ही अनाज देता है, बाकी गबन कर लेता है।

नियमों की अनदेखी : कई राशन दुकानें तय समय पर नहीं खुलती, जिससे आम नागरिकों को परेशानी होती है।

मनपा ने अवैध पार्किंग और अतिक्रमण पर कसी नकेल

अवैध पार्किंग के नाम पर वर्षों से हो रही थी वसूली, प्रशासन की सख्त कार्रवाई शुरू

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

नए आयुक्त मनीषा आव्हाले के निर्देशानुसार उल्हासनगर में अवैध पार्किंग और अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। लंबे समय से सड़क किनारे अवैध रूप से पार्किंग चलाने और इससे अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने शिकंजा कस दिया है।

मनपा प्रशासन और यातायात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

आदेश के बाद सोमवार, 10 मार्च को मनपा प्रभाग समिति तीन की सहायक आयुक्त सलोनी निमकर के मार्गदर्शन में चांदीबाई महाविद्यालय की दीवार से सटे अवैध निर्माण पर तोड़क कार्रवाई की गई। इसके साथ ही, अवैध पार्किंग में खड़ी बाइकों पर यातायात पुलिस ने ऑनलाइन दंड लगाया।

रेलवे स्टेशन के आसपास अवैध पार्किंग पर कार्रवाई

शहाड रेलवे स्टेशन (पूर्व), उल्हासनगर रेलवे स्टेशन (पश्चिम) और विठ्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन (पश्चिम) के आसपास स्थानीय नेताओं के संरक्षण में सड़क किनारे अवैध पे एंड पार्किंग का कारोबार चल रहा था। इससे आम लोगों के आवागमन में कठिनाई हो रही थी। इस संबंध में शिकायतें मिलने के बाद आयुक्त मनीषा आव्हाले ने यातायात में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई करने का सख्त आदेश दिया था।

अवैध पार्किंग संचालकों पर मामला दर्ज

मनपा की जमीन पर अवैध रूप से पार्किंग शुरू करने वाले पे एंड पार्किंग संचालकों के खिलाफ पुलिस स्टेशन में आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में अजय साबले, मनपा के तोड़क कर्मचारी, उल्हासनगर उपविभाग के यातायात पुलिस निरीक्षक अविनाश भामरे और यातायात पुलिस की टीम शामिल रही।

अतिक्रमण और यातायात बाधा पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी

मनपा प्रशासन ने चेतावनी दी है कि मुख्य सड़कों, चौकों और फुटपाथों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। दुकानदारों को भी हिदायत दी गई है कि वे यातायात में बाधा न बनें, अन्यथा उन पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गायमुख घाट सड़क की मरम्मत और डामरीकरण के निर्देश

- मानसून से पहले यातायात जाम की समस्या से निजात दिलाने की पहल

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

गायमुख घाट की सड़क का कांक्रीटीकरण वन विभाग की अनुमति के बिना संभव नहीं है, जिसके चलते मनपा आयुक्त सौरभ राव ने सार्वजनिक बांधकाम विभाग को सड़क के डामरीकरण और गड्ढों की मरम्मत करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्णय का उद्देश्य मानसून से पहले यातायात जाम की समस्या को कम करना है।

बैठक में अधिकारियों की मौजूदगी

मनपा मुख्यालय में 'जस्टीस फॉर घोडबंदर रोड फोरम' के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, शहर अभियंता प्रशांत सोनाग्रा, पुलिस उपायुक्त (यातायात) पंकज शिरसाठ, नगररचना संग्राम कानडे, उपनगर अभियंता विकास ढोले, विनोद पवार, सुधीर गायकवाड, शुभांगी केसवानी, उपायुक्त दिनेश तायडे और शंकर पाटोले समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा मीरा-भायंदर, नवी मुंबई यातायात पुलिस अधिकारी, मेट्रो, महा मेट्रो, एमएमआरडीए और सार्वजनिक बांधकाम विभाग के अधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया।

कासरवडवली उड़ानपुल का काम जल्द पूरा करने के निर्देश

बैठक के दौरान कासरवडली उड़ानपुल पर भी चर्चा हुई, जिसमें मेट्रो प्रबंधन को 30 मार्च तक सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद 5 से 6 अप्रैल के बीच सार्वजनिक बांधकाम विभाग द्वारा सड़क की मरम्मत की जाएगी। इस कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए यातायात पुलिस को पूरा सहयोग देने को कहा गया है।

बेस्ट को मिला राष्ट्रीय सार्वजनिक बस परिवहन उत्कृष्टता पुरस्कार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन (BEST) निगम के परिवहन विभाग को वर्ष 2023-2024 के राष्ट्रीय सार्वजनिक बस परिवहन उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार 08 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य सड़क परिवहन उपक्रम संघ (ASR-TU) द्वारा आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। पूर्व राज्यपाल किरण बेदी ने नई दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक एस. वी.आर. श्रीनिवास को यह पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र सौंपा।

BEST को प्राप्त पुरस्कार:

- गैर-प्रचार राजस्व पुरस्कार – विजेता
- सड़क सुरक्षा पुरस्कार – उप विजेता
- वैकल्पिक वाहन ईंधन पुरस्कार – उप विजेता

देशभर के परिवहन उपक्रमों में BEST का चयन

BEST को भारत के विभिन्न शहरी क्षेत्रों में 1,000 से अधिक यात्री बसों के बेड़े वाले परिवहन उपक्रमों में से चुना गया था। यह निगम के उत्कृष्ट प्रदर्शन, यात्री सुरक्षा, नवाचार और वैकल्पिक ईंधन को अपनाने में अग्रणी भूमिका को दर्शाता है। इस अवसर पर महाप्रबंधक एस.वी.आर. श्रीनिवास के साथ श्रीनिवास राव (महाप्रबंधक, परिवहन इंजीनियरिंग) और रमेश मडावी (मुख्य प्रबंधक, परिवहन) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

महाराष्ट्र में जीबीएस के 224 मामले, 12 की मौत

- राज्यसभा में स्वास्थ्य राज्य मंत्री जाधव ने दी जानकारी
- जीबीएस के बढ़ते मामलों से सरकार चिंतित, केंद्रीय टीम कर रही जांच

डीबीडी संवाददाता। मुंबई/नई दिल्ली

महाराष्ट्र में गुलियन बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मंगलवार को राज्यसभा में स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने जानकारी दी कि 3 मार्च 2025 तक राज्य में 224 जीबीएस के मामले सामने आए हैं, जिनमें 12 लोगों की मौत हो चुकी है।

GBS के संभावित कारणों की जांच

मंत्री जाधव ने बताया कि शुरुआती जांच के अनुसार, कैम्पिलोबैक्टर संक्रमण इस बीमारी का सबसे संभावित कारण हो सकता है। इसके अध्ययन के लिए 2 जनवरी को राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (NCDC), राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (NIMHANS) और राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (NIV), पुणे की एक केंद्रीय तकनीकी टीम को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया था।

पुणे और नांदेड़ में सबसे अधिक मामले

स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने कहा कि GBS के ज्यादातर मामले पुणे और नांदेड़ के कुछ विशिष्ट समूहों में पाए गए हैं। महामारी की विस्तृत जांच के तहत जल आपूर्ति प्रणाली, जल स्रोतों और अन्य संभावित कारणों की गहन जांच की गई है।

राज्य सरकार बढ़ा रही निगरानी, केंद्र से कोई सहायता नहीं

मंत्री ने सदन में स्पष्ट किया कि GBS से पीड़ित या मृतकों के परिवारों को केंद्र सरकार से कोई वित्तीय सहायता नहीं दी गई है। हालांकि, राज्य सरकार ने इस बीमारी के बढ़ते मामलों को देखते हुए सतर्कता और निगरानी बढ़ा दी है। GBS का पहला मामला महाराष्ट्र में 9 जनवरी को दर्ज किया गया था, जिसके बाद से यह संख्या लगातार बढ़ रही है। सरकार ने जनता से सावधानी बरतने और स्वास्थ्य से जुड़े दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

होली पर पेड़ों की कटाई पर रोक

- उल्लंघन पर होगी कार्रवाई
- मुंबई महानगरपालिका की सख्त चेतावनी

डीबीडी संवाददाता। मुंबई

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) ने होली के दौरान पेड़ों की अवैध कटाई पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए हैं। नागरिकों को किसी भी स्थिति में पेड़ नहीं काटने की सख्त हिदायत दी गई है। यदि कोई अनधिकृत रूप से पेड़ काटते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

नागरिकों से सूचना देने की अपील

होली का त्यौहार 13 मार्च 2025, गुरुवार को मनाया जाएगा। इस दौरान पेड़ों को सुरक्षित रखने के लिए BMC ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। यदि कोई व्यक्ति पेड़ काटता हुआ दिखाई दे, तो इसकी सूचना महानगरपालिका के अधिकारियों या स्थानीय पुलिस स्टेशन को तुरंत दें। इसके अलावा, BMC के टोल फ्री नंबर '1916' पर भी संपर्क किया जा सकता है।

पेड़ काटना अपराध, होगी कड़ी सजा

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं संरक्षण अधिनियम, 1975 की धारा 21 के तहत बिना पूर्व अनुमति के किसी भी पेड़ को काटना अपराध है। अवैध कटाई करने पर 1,000 रुपये से 5,000 रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है। साथ ही, एक सप्ताह से एक वर्ष तक की कैद का प्रावधान भी है।

हरियाली बचाने की अपील

BMC के उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष प्राधिकरण के सदस्य सचिव जितेंद्र परदेशी ने कहा कि ₹मुंबई को हरा-भरा बनाए रखने की जिम्मेदारी हर नागरिक की है। पेड़ हमें जीवन देते हैं, इसलिए इनका संरक्षण आवश्यक है।₹ उन्होंने नागरिकों से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की है।

पुणे में 'एआई' आधारित ट्रैफिक सिग्नल प्रणाली लागू होगी

ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

मुंबई। पुणे में बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधारित ट्रैफिक सिग्नल प्रणाली विकसित की जाएगी। यह जानकारी गृह राज्य मंत्री (शहरी) योगेश कदम ने विधानसभा में दी। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

ड्रंक एंड ड्राइव पर होगी सख्ती

गृह राज्य मंत्री कदम ने कहा कि "ड्रंक एंड ड्राइव" कानून को और अधिक सख्त किया जाएगा। ऐसे मामलों में अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई होगी, और उनकी जल्दी रिहाई रोकने के लिए कानूनी संशोधन किए जाएंगे। नशे में वाहन चलाने वालों पर नजर रखने के लिए ट्रैफिक विभाग और पुलिस तंत्र के बीच समन्वय को बढ़ाया जाएगा। शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर), दुर्घटना संभावित (ब्लैक स्पॉट) क्षेत्रों की पहचान, सिग्नल प्रणाली और अन्य सुरक्षा उपायों को लागू किया जाएगा। पुणे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर करने के लिए एक अतिरिक्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की नियुक्ति पर भी विचार किया जाएगा। गृह राज्य मंत्री कदम ने कहा कि इस चर्चा में जिस सड़क दुर्घटना का उल्लेख किया गया वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

गडचिरोली में घटिया चावल आपूर्ति पर सरकार सख्त

दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई, एसआईटी जांच की संभावना

मुंबई/गडचिरोली। जिले में घटिया और अनियमित चावल की आपूर्ति को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं। इस मामले पर उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने विधानसभा में कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि इस पर विस्तृत रिपोर्ट मंगवाई गई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विधानसभा में उठा मुद्दा, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार का आश्वासन

विधानसभा सदस्य नाना पटोले और सुधीर मुनगंटीवार ने इस मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करते हुए मामले की जांच की मांग की। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने आश्वासन दिया कि दोषियों पर तुरंत दंडात्मक कार्रवाई होगी। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक कर चावल आपूर्ति प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाएगा।

पश्चिम रेलवे
स्थगन सूचना
निविदा संख्या BCT-24-25-304 दिनांक **06-03-2025** का स्थगन इस प्रकार है: **वर्तमान स्थिति: प्रस्तुत करने की तिथि और समय:** 01-04-2025, 15.00 बजे तक; **खुलने की तिथि और समय:** 01-04-2025 को 15.30 बजे; **इस प्रकार पढ़ें: प्रस्तुत करने की तिथि और समय:** 08-04-2025, 15.00 बजे तक; **खुलने की तिथि और समय:** 08-04-2025 को 15.30 बजे; अन्य सभी विवरण समान रहेंगे।
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly 1171

मध्य रेल
भुसावल विभाग
ई- निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा सं. :- BSL-L-W-T-13-2025 :- कार्य का विवरण : भाग ए - निफाड स्टेशन पर 1.0 लाख लीटर क्षमता वाले आरसीसी एचएस टैंक द्वारा पुराने स्टील ओएच टैंक के प्रतिस्थापन के संबंध में विद्युतीकरण कार्य। ; भाग बी - मलकापुर में जल आपूर्ति प्रणाली की तत्काल मरम्मत के संबंध में विद्युतीकरण कार्य । 2) **अनुमानित लागत :** ₹22,30,175; 3) **ऑनलाईन बिड सबमिशन का अंतिम दिनांक और समय :** 02/04/2025 को 15.00 बजे, 4) **वेबसाईट विवरण:** **https://www.ireps.gov.in**
Sr. DEE (Genl.), BHUSAWAL
अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे BSL-02

मध्य रेल
ओवरहालिंग और परीक्षण के लिए कार्य केंद्र भवन की सुविधा
कार्य का विवरण: ईएमयू/डीईएमयू/एसपीएआरटी/एसपीआईसी/टॉवर कार एवं अन्य विद्युत एवं वायवीय उपकरण वस्तुओं की ओवरहालिंग एवं परीक्षण के लिए ईएमयू पीओएच कार्यशाला, सानपाड़ा में वर्कस्टेशन बिल्डिंग क्षेत्र (50*10) एम2 जी +1 की सुविधा, आवंटन: पूंजीगत । **अनुमानित लागत:** Rs. 19989829.36 **ई एम डी:** Rs. **250000/- निविदा प्रपत्र का शुल्क:** NIL **समापन अवधी:** 12 महीना **निविदा जमा करनेकी तिथि एवं अवधी:** 01/04/2025, 14:30 बजे तक **बोली शुरू करने की तारीख:** 18/03/2025 टेंडर केवल ई टेंडरिंग में वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। टेंडर पंजिका वेबसाइट में उपलब्ध है।
निविदा सूचना क्र.
आरआर/पीआर/एसएनपीडी/292/24-25/68
अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे 835

मध्य रेल
आरओबी के निर्माण के संबंध में मौजूदा ओएचई में परिवर्तन
कार्य का विवरण: मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के कल्याण-इगतपुरी सेक्शन में किमी 68 / 1-2 पर आरओबी के निर्माण के संबंध में मौजूदा ओएचई में परिवर्तन । **अनुमानित लागत:** ₹ 10031745.50 **ईएमडी:** ₹ 200200.00 **निविदा पपत्र का शुल्क:** 0.00 **समापन अवधी:**12 महिने ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं अवधि दि. 09.04.2025 को 11:00 बजे है। ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की अधिकारीक वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा की जानकारी वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क. वि.) मध्य रेल, कल्याण के सुचना पट पर उपलब्ध है.
खुली ई-निविदा संख्या : - केवायएन-एलडी - 585-डब्लु - 743- कांट- आर2
दि. 07.03.2025
अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे 832

औरंगजेब वाले बयान पर सपा नेता अबू आजमी को कोर्ट से राहत

- 20000 के मुचलके पर मिली अग्रिम जमानत

डीबीडी संवाददाता। मुंबई

मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा को लेकर विवादों में घिरे समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अबू आजमी को मुंबई की सत्र अदालत से मंगलवार को राहत मिली। अदालत ने 20 हजार रुपये के मुचलके पर उन्हें अग्रिम जमानत दी है। उन्हें 12, 13 और 15 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच जांच अधिकारी के सामने पेश होने को कहा गया है। साथ ही उन्हें सबूतो से छेड़छाड़ न करने को भी कहा गया है। आजमी ने अग्रिम जमानत के लिए सत्र न्यायालय में याचिका दायर की थी। मुंबई पुलिस ने उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 299, 302, 356 (1) और 356 (2) के तहत मामला दर्ज किया था।

कहां से शुरू हुआ था विवाद?

यह ताजा विवाद मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के सबसे बड़े बेटे छत्रपति संभाजी महाराज पर केंद्रित एक बॉलीवुड फिल्म छावा से पैदा हुआ है। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेरकर ने किया है। इसमें संभाजी के जीवन, राज्याभिषेक और मुगल साम्राज्य, खासकर औरंगजेब के खिलाफ संघर्ष को दिखाया गया है। विकी कौशल ने फिल्म में संभाजी की भूमिका निभाई है, जबकि रश्मि मंदाना ने उनकी पत्नी येसुबाई भोंसले की भूमिका निभाई है। फिल्म में अक्षय खन्ना ने औरंगजेब की भूमिका निभाई है।

अबू आजमी ने औरंगजेब को बताया था 'महान प्रशासक'

आजमी ने मुंबई में मीडिया से बात करते हुए कहा था, 'सारा गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए... औरंगजेब क्रूर नहीं था।' एक समाचार चैनल के साथ इंटरव्यू में सपा नेता ने कहा था, 'मैंने औरंगजेब के बारे में जितना पढ़ा है, उसने कभी भी जनता का पैसा अपने लिए नहीं लिया, उसका शासन बर्मा (वर्तमान म्यांमार) तक फैला हुआ था, उस समय देश को सोने की चिड़िया कहा जाता था। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह एक महान प्रशासक थे, उसकी सेना में कई हिंदू कमांडर थे।'

मैंने हिंदू भाइयों के खिलाफ एक भी शब्द नहीं कहा: आजमी

अपने बयान को लेकर विवादों में घिरने बाद आजमी ने कहा था, उस समय राजा सत्ता और संपति के लिए संघर्ष करते थे, लेकिन यह संघर्ष धार्मिक नहीं था। उसने (औरंगजेब ने) 52 साल तक शासन किया और अगर वह वाकई हिंदुओं को मुसलमान बना रहा था तो कल्पना कीजिए कि कितने हिंदुओं ने धर्म परिवर्तन किया होगा। अगर औरंगजेब रहमतुल्लाह ने मंदिर तोड़े थे तो उसने मस्जिदें भी तोड़ी थीं। अगर वह हिंदुओं के खिलाफ होता तो 34 फीसदी हिंदू उसके साथ नहीं होते और उसके सलाहकार हिंदू नहीं होते। इसे हिंदू-मुस्लिम कोण (एंगल) देने की कोई जरूरत नहीं है।

पश्चिम रेलवे
सामग्री प्रबंधन विभाग
विभिन्न सामग्री आपूर्ति
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या एस/15/2025 दिनांक 11.03.2025

क्र.	वस्तु का संक्षिप्त विवरण	मात्रा	T.O.D.
130	ऑयल कूलिंग रेडिएटर	15 नग	07-अप्रैल-25
131	पीएससी स्लीपर पर बीजी 60 किलोग्राम रेल के लिए 12 में 1 वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग	834 सेट	09-अप्रैल-25
132	चेन टेंशनिंग सिलेंडर	2 नग	10-अप्रैल-25
133	स्फेरो इलास्टिक रबर	127 नग	11-अप्रैल-25
134	3 फेज लोकोमोटिव के लिए इलास्टिक रिंग	279 नग	11-अप्रैल-25
135	माइक्रोप्रोसेसर आधारित नियंत्रण और दोष निदान प्रणाली	80 सेट	14-अप्रैल-25
136	किट एम 36 अवश्य बदलें	20 सेट	18-अप्रैल-25
137	पीएससी स्लीपर पर 60 किग्रा रेल के लिए ग्लूड जॉइंट	2000 नग	18-अप्रैल-25
138	टॉप साइड बियरर लाइनर	6697 नग	21-अप्रैल-25

शुद्धिपत्र
कृपया निविदा सूचना संख्या S-10-2025 , दिनांकः-10.02.2025 क्रमांक 80 पर के लिए नियत तिथि को "20.03.2025" के रूप में पढ़ें
विस्तृत सूचना, ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in पर जाएं
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: x.com/WesternRly 1170

पश्चिम रेलवे
विभिन्न मरम्मत कार्य
मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए)पश्चिम रेलवे, 6वीं मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल - 400 008,**ई-टेंडर सूचना संख्याः बीसीटी/24-25/305 दिनांक 10/03/2025 आमंत्रित करता है । कार्य का नामः** (1) जोरवासन-सूरतः अनुभाग - सामान्य अनुभाग SSE-W-BIM के अंतर्गत सेवा भवनों और अन्य महत्वपूर्ण स्टेशन भवनों की मरम्मत (2) जोरवासन-सूरतः अनुभाग SEE/W/BIM अनुभाग के अंतर्गत महत्वपूर्ण सेवा भवन, क्वार्टर, स्टील संरचना, यानी फुट ओवर ब्रिज (FOB), कवरशेड, पुल भागों की पेंटिंग (3) जोरवासन-सूरतः अनुभाग-सामान्य मरम्मत और मौजूदा जीर्ण-शीर्ण कर्मचारियों के लिए छत रिसाव उपचार SSE/W/BIM अनुभाग (4) जोरवासन-सूरत अनुभागः SSE/W/BIM के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कॉलोनियों में जल निकासी में सुधार; **कार्य की अनुमानित लागतः** ,47,11,618.54; **ईएमडीः** 423600.00; **जमा करने की तिथि और समयः**04/04/2025, 15:00 बजे तक; **खोलने की तिथि और समयः** 04/04/2025 को 15:30 बजे; अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें-**www.ireps.gov.in**
1168
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

सुलझ गई अपहरण की गुत्थी

- पुलिस ने 11 हजार ऑटोरिक्शा और एक लाख मोबाइल नंबरों को खंगाला
- मुख्य आरोपी ऑटो चालक समेत चार गिरफ्तार, 5 लाख में बेचने की थी योजना

डीबीडी संवाददाता। मुंबई

वनराई इलाके से सवा महीने के बच्चे के अपहरण की गुत्थी मुंबई पुलिस ने सुलझा ली है। इस मामले में मुख्य आरोपी ऑटोरिक्शा चालक और उसकी दो पत्नियों समेत चार आरोपियों को पुलिस ने मालवणी से गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान ऑटो चालक राजू भानुदास मोरे (47) मंगल राजू मोरे (राजू की पहली पत्नी), फातिमा जिलानी शेख (राजू की दूसरी पत्नी) और मोहम्मद आसिफ मोहम्मद उमर खान (42,प्लंबर) के रूप में हुई है।

6 दिन की कड़ी मेहनत, 11 हजार ऑटोरिक्शा और 1 लाख मोबाइल नंबरों की जांच

बच्चे की बरामदगी के लिए वनराई पुलिस की आठ टीमों ने लगातार छह दिन तक जांच की। पुलिस ने 11 हजार ऑटोरिक्शा और 1 लाख मोबाइल नंबरों का विश्लेषण किया। अपहरण के समय मुख्य आरोपी पीली हुडी पहने था, जो इस केस को सुलझाने में अहम सुराग साबित हुई। जांच में पता चला कि आरोपी बच्चे को 5 लाख रुपये में बेचने की योजना बना रहे थे। पुलिस को चाइल्ड ट्रैफिकिंग रैकेट से जुड़े होने का भी संदेह है। जोन-12 की डीसीपी स्मिता पाटील ने बताया कि तकनीकी सबूतों की मदद से आरोपियों तक पहुंचने में सफलता मिली।वनराई पुलिस के मुताबिक सुरेश सलाट और उनकी पत्नी सोनी 2 मार्च को गुजरात से मुंबई आए थे और पश्चिम एक्सप्रेस हाईवे पर बस स्टॉप पर सो गए।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका
संख्या.Dy.Ch.E.M&E/4828/E.S.दिनांक 11.03.2025
ई-निविदा सूचना

विभाग	मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत)
उप विभाग	उप मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत) ई.उप
ई-निविदा सं	2025_MCGM_1158900_1
विषय	एम/ई वार्ड में सावित्रीबाई फुले प्रसूति गृह से शिवाजीनगर प्रसूति गृह तक पी.एस.ए. (प्रेशर स्विंग एडसोर्प्शन) प्लांट को हटाने एवं स्थानांतरित करने का कार्य, साथ ही पी.एस.ए. प्लांट की मरम्मत/सेवा, पुनःस्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग।
निविदा बिक्री	बोली आरंभ तिथिः 12.03.2025. समयः 11.00 बजे बोली समाप्ति तिथिः 18.03.2025 समयः 16.00 बजे
वेबसाइट	www.mahatenders.gov.in
संपर्क अधिकारी	
A) नाम	श्री आशीष आर. पेरेकर
B) कार्यालय टेलीफोन	उपलब्ध नहीं
C) मोबाइल नंबर	9920295007
D) ई-मेल पता	Se05es.me@mcgm.gov.in

हस्ता./-
(श्री वी.के. म्हात्रे)
अधिशाषी अभियंता (एम एंड ई) ई.एस.II
पीआरओ/2774/ विज्ञा./2024-25
समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

मध्य रेल
सोलापुर विभाग
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है । **निविदा क्र.:- सोला/क.वि./नि/2025/06. कार्य का नाम :-** निम्नलिखित के संबंध में विद्युत टीआरडी का कार्य 1) गौडगाव- गाणगापूर रोड के बीच किमी 539/6-7 पर, 2) दुधनी- वाड़ी खंड के गाणगापूर रोड - सावलगी के बीच किमी 541/6-7 पर, 3) दुधनी-वाड़ी खंड के गाणगापूर रोड - सावलगी के बीच पुशिंग तकनीक द्वारा किमी 542/2-3 पर, 4) दुधानी-वाडी खंड में सावलगी - बबलाद के बीच 561/5-6 पर, 5) दुधनी-वाडी खंड में मरतूर - शहाबाद के बीच 590 / 6-7 पर, 6) दुधनी-वाड़ी खंड में पुशिंग तकनीक द्वारा मरतुर-शाहाबाद स्टेशन के बीच 594/1-2, 7) दुधनी- वाड़ी खंड में शहाबाद-वाडी के बीच 595/0-1 पर पैदल यात्रियों के लिए सबवे का प्रावधान । **कार्य की अनुमानित लागत:** रू 86,38,618.06; **बयाना राशि:-** रू 1,72,800/- ; **कार्य पुरा करने की अवधि :-** 12 माह । **निविदा प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन । **वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दि. 03/04/2025 को 15.00 बजे ।
Sr. DEE (TRD), Solapur
अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे SLP-45

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

छोटे परमाणु रिएक्टर बदलेंगे ऊर्जा का परिदृश्य

विश्व में हाल में परमाणु ऊर्जा की तरफ नई दिलचस्पी पैदा हुई है और इसकी मुख्य वजह यह कि विभिन्न देश अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की ओर गमन करना चाहते हैं। जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दों को हल करने के लिए कई देश परमाणु ऊर्जा को एक स्वच्छ और विश्वसनीय ऊर्जा स्रोत के रूप में देख रहे हैं। परमाणु ऊर्जा ने पिछले 50 वर्षों में पहले ही लगभग 70 गीगाटन (70 अरब मीट्रिक टन) कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम किया है, और इसका निरंतर विस्तार नेट जीरो इमिशन (हानिकारक उत्सर्जन के उन्मूलन) के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है। आने वाले समय में एआई सिस्टम के संचालन के लिए निरंतर ऊर्जा आपूर्ति की जरूरत पड़ेगी। पारंपरिक ऊर्जा स्रोत एआई सेक्टर की मांग पूरी नहीं कर सकते। इस समय सिर्फ परमाणु ऊर्जा ही इस जरूरत को पूरा कर सकती है। भारत ने अपने परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसमें नए परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण और मौजूदा संयंत्रों को अपग्रेड करना शामिल है। दुनिया में अब बड़े परमाणु रिएक्टरों के बजाय छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों का चलन बढ़ रहा है। भारत भी मॉड्यूलर रिएक्टरों के मामले में किसी से पीछे नहीं रहना चाहता।

अभी हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान दोनों देशों ने आधुनिक परमाणु रिएक्टरों को संयुक्त रूप से विकसित करने की मंशा व्यक्त की, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि ऊर्जा सुरक्षा और कम कार्बन अर्थव्यवस्था में परिवर्तन के लिए परमाणु ऊर्जा महत्वपूर्ण है। दोनों देशों ने छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों (एसएमआर) और एडवांस्ड मॉड्यूलर रिएक्टरों (एएमआर) के बारे में एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए। भारत और फ्रांस ने इस बात पर जोर दिया कि ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और कम कार्बन अर्थव्यवस्था की ओर गमन के लिए परमाणु ऊर्जा एनर्जी मिक्स (विभिन्न ऊर्जा स्रोत) का एक अनिवार्य हिस्सा है। एसएमआर कॉम्पैक्ट परमाणु विखंडन रिएक्टर हैं जिन्हें कारखानों में निर्मित किया जा सकता है और फिर कहीं और स्थापित किया जा सकता है। वे आम तौर पर पारंपरिक परमाणु रिएक्टरों की तुलना में कम क्षमता वाले होते हैं।

मॉड्यूलर रिएक्टर मॉड्यूलर डिजाइन पर आधारित होता है। यह रिएक्टर छोटे और मॉड्यूलर इकाइयों में बनाया जाता है जिन्हें एक साथ जोड़कर एक बड़ा रिएक्टर बनाया जा सकता है। मॉड्यूलर रिएक्टर छोटे आकार में बनाए जा सकते हैं, जिससे उन्हें आसानी से ट्रांसपोर्ट किया जा सकता है। मॉड्यूलर रिएक्टर की लागत कम होती है, क्योंकि उन्हें मॉड्यूलर इकाइयों में बनाया जाता है। मॉड्यूलर रिएक्टर में पैसिव कूलिंग सिस्टम जैसे कई सुरक्षा उपाय होते हैं। इनकी दक्षता बढ़ाने के लिए कई तकनीकों का उपयोग किया जाता है। स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) छोटे आकार के रिएक्टर होते हैं जो 10-100 मेगावाट की क्षमता वाले होते हैं।

एडवांस्ड मॉड्यूलर रिएक्टरों में उन्नत तकनीक का उपयोग किया जाता है, जैसे कि पैसिव सुरक्षा प्रणाली, उन्नत ईंधन चक्र और

उन्नत नियंत्रण प्रणाली। एडवांस्ड मॉड्यूलर रिएक्टरों को सेफ्टी के लिए डिजाइन किया जाता है। एडवांस्ड मॉड्यूलर रिएक्टरों को लागत की दृष्टि से प्रभावी बनाया जाता है। इंटीग्रल प्रेशराइज्ड वाटर रिएक्टर (आईपीडब्ल्यूआर) और हाई-टेम्परेचर गैस-कूल्ड रिएक्टर (एचटीजीआर) एडवांस्ड मॉड्यूलर रिएक्टरों के कुछ उदाहरण हैं। आईपीडब्ल्यूआर रिएक्टर एक एकल इकाई में प्रेशराइज्ड वाटर रिएक्टर और टर्बाइन को एकीकृत करते हैं जबकि एचटीजीआर रिएक्टर उच्च तापमान पर काम करते हैं और गैस कूलिंग का उपयोग करते हैं। निःसंदेह, एडवांस्ड मॉड्यूलर रिएक्टरों का विकास और उपयोग परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो कि सुरक्षित, कुशल और लागत-प्रभावी ऊर्जा उत्पादन की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान कर सकता है। मॉड्यूलर रिएक्टर का उपयोग विद्युत उत्पादन के अलावा उद्योगों में ऊर्जा उत्पादन के लिए किया जा सकता है। इनका उपयोग विभिन्न चिकित्सा अनुप्रयोगों में भी किया जा सकता

मुकुल व्यास

है। रेडियो आइसोटोप उत्पादन के लिए छोटे रिएक्टर बहुत उपयोगी होंगे। भारत का लक्ष्य स्वच्छ ऊर्जा में अपने परिवर्तन के हिस्से के रूप में 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा उत्पन्न करना है। निजी क्षेत्र की भागीदारी को सक्षम करने के लिए सरकार परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति अधिनियम के लिए नागरिक दायित्व में संशोधन पर भी विचार कर रही है। इस समय परमाणु ऊर्जा संयंत्र भारत की कुल स्थापित बिजली क्षमता 462 गीगावाट का 1.8 प्रतिशत और कुल बिजली उत्पादन का लगभग 3 प्रतिशत योगदान देते हैं। इससे सालाना लगभग 4.1 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड की बचत होती है। वर्ष 2022 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन कार्यालय को सौंपी गई अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीति में भारत ने 2032 तक स्थापित परमाणु क्षमता में तीन गुना वृद्धि का अनुमान लगाया है। सरकार ने एसएमआर के अनुसंधान और विकास के समर्थन करने के लिए 20,000 करोड़ रुपये के बजट के साथ एक परमाणु ऊर्जा मिशन शुरू करने की योजना की घोषणा की है। पहल के हिस्से के रूप में, भारत 2033 तक कम से कम पांच स्वदेशी रूप से विकसित एसएमआर को चालू करने की योजना बना रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए कई परियोजनाओं को शुरू किया है। देश में मॉड्यूलर रिएक्टर की स्थिति में तेजी से प्रगति हो रही है। मॉड्यूलर रिएक्टर परियोजना में अहमदाबाद में दो, काकरापार में चार, राजस्थान में दो, तमिलनाडु में दो मॉड्यूलर रिएक्टरों का निर्माण किया जा रहा है, जिनकी प्रत्येक की क्षमता 700 मेगावाट होगी। आने वाले वर्षों में कई और परियोजनाएं शुरू की जाएंगी।

भारत में ऊर्जा की मांग तेजी से बढ़ रही है और मॉड्यूलर रिएक्टर इस मांग को पूरा करने में मदद कर सकते हैं। मॉड्यूलर रिएक्टर के विकास से भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में आत्मनिर्भर बन सकता है। मॉड्यूलर रिएक्टर के विकास में कुछ चुनौतियां और चिंताएं भी हैं। परमाणु ऊर्जा को कुछ लोग अक्सर स्वच्छ ऊर्जा स्रोत के रूप में देखते हैं लेकिन इसे पूरी तरह से स्वच्छ नहीं कहा जा सकता। रिएक्टरों के साथ दुर्घटनाओं का खतरा रहता है। इसके अलावा परमाणु अपशिष्ट का प्रबंधन भी बड़ी समस्या है। मॉड्यूलर रिएक्टर के निर्माण और संचालन की लागत अधिक हो सकती है। मॉड्यूलर रिएक्टर के विकास में प्रौद्योगिकी की भी चुनौतियां हैं। रिएक्टर के डिज़ाइन और निर्माण में सटीकता की आवश्यकता होती है।

संपादकीय

सतरंगी जीत

होली से पहले ही हमारी क्रिकेट टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर उल्लास-उमंग का ऐसा रंग दिया कि हर भारतीय निखर उठा। होली से पहले देश में दिवाली का भी जश्न मना। देश के कोने-कोने ही नहीं, दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में खूब तिरंगे लहराये। वहां तन-मन पर तिरंगे अहसास मुखरित हुए। निरंतर जीत की लय में नजर आ रही टीम ने देश की धड़कनों को उस समय ऊंचाई दी जब फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया। एक ऐसी जीत जिस पर हर भारतीय गर्व कर सके। यह भारतीय क्रिकेट डिप्लोमेसी की भी बड़ी जीत थी, जिसने बताया कि क्रिकेट जगत में भारत के दखल का कोई विकल्प नहीं है। इस बार चैंपियन ट्रॉफी का आयोजक पाकिस्तान था, जिसने स्टेडियम तैयार करने और अपनी धरती पर यह वैश्विक स्पर्धा आयोजित करने को जी-जान लगायी और पैसा खर्च किया। लेकिन बावजूद इसके आईसीसी में भारतीय वर्चस्व के चलते हमारी टीम ने कोई भी मैच पाकिस्तान में नहीं खेला। भारत ने सारे मैच तीसरे देश दुबई में खेले। फिर चैंपियंस ट्रॉफी भी जीत ली। पाकिस्तान के हुकमरान व क्रिकेट के कर्ता-धर्ता मन मसोस कर रह गये। बहरहाल, भारतीय टीम का दस महीनों में यह दूसरा विश्व खिताब है। भारत ने जून, 2024 को टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था। कप्तान रोहित शर्मा को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उनकी कप्तानी में देश ने दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट जीता। सही मायनों में फाइनल में उन्होंने कप्तान की पारी खेली और शानदार-धुआंधार 76 रन बनाये। निश्चित रूप से फाइनल मैच में स्पिनरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके कसे शिकंजे का ही नतीजा था कि न्यूजीलैंड को 251 पर बांध दिया गया। फिर रोहित की पारी के अलावा श्रेयस अय्यर व केएल राहुल की शानदार पारियों ने टीम को जीत के मुहाने तक पहुंचाया। ओपनर्स रोहित शर्मा और शुभमन गिल की रिकॉर्ड शतकीय साझेदारी ने टीम में जीत का जज्बा पैदा किया। दोनों धुरंधरों ने पहले विकेट के लिये 105 रन जोड़े। बहरहाल, बारह साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी में जीता खिताब भारतीयों को उल्लास से भर गया। वहीं टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में पच्चीस साल पहले न्यूजीलैंड के हाथों मिली हार का भी बदला ले लिया। बहरहाल, इस मैच में भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को इस बात को लेकर निराशा जरूर हुई होगी कि पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में रहे विराट कोहली फाइनल मुकाबले में सिर्फ दो गेंदों का ही सामना कर पाए। लेकिन श्रेयस अय्यर व केएल राहुल ने इस कमी को पूरा किया। बहरहाल, टॉस के मामले में अनलकी रहने वाले रोहित शर्मा ने होली से पहले क्रिकेट की जीत के रंग में भारतीयों को सराबोर कर दिया। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय टीम ने अपनी जमीन पर वर्ष 2023 के वर्ल्ड कप में मिली पराजय के बाद जीत का जबरदस्त जज्बा पैदा किया। तब लगातार दस मैच जीतने के बावजूद टीम फाइनल में हार गई थी। लेकिन टीम ने वैसी गलती फिर नहीं दोहरायी। पहले 2024 में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप जीता और अब चैंपियंस ट्रॉफी। यह जीत की लय बनी रहे।

जीवन मंत्र

आलोचना नहीं, जागरूकता

समझ की प्रक्रिया क्या है? आप अपने बच्चे को कैसे समझते हैं, यदि आपकी उसमें रुचि है? आप अवलोकन करते हैं। आप खेलते समय उसका अवलोकन करते हैं, अलग-अलग मनःस्थितियों में उसका अध्ययन करते हैं।

कभी आपने सोचा है कि हम आलोचना करते क्यों हैं? हम किसी को समझने के लिए ऐसा करते हैं या यह केवल छिद्रान्वेषण, मीन-मेख निकालने की प्रक्रिया है? कभी आपने सोचा है कि हम आलोचना करते क्यों हैं? हम किसी को समझने के लिए ऐसा करते हैं या यह केवल छिद्रान्वेषण, मीन-मेख निकालने की प्रक्रिया है? आपकी आलोचना करने से क्या मैं आपको समझ पाऊंगा? क्या समझ मूल्यांकन के जरिये आती है? यदि मैं आपके साथ अपने रिश्ते के मर्म को गहराई से समझना चाहता हूं, तो क्या मैं आपकी आलोचना करने लगता हूं या आपके और अपने संबंध का अवलोकन करते हुए इसके प्रति सजग रहता हूं? दरअसल, मूल प्रश्न यही है कि मन और हृदय की वह कौन सी अवस्था है, जो संबंध को समझने के लिए आवश्यक है? समझ की प्रक्रिया क्या है? आप अपने बच्चे को कैसे समझते हैं, यदि आपकी उसमें रुचि है? आप अवलोकन करते

हैं। आप खेलते समय उसका अवलोकन करते हैं, अलग-अलग मनःस्थितियों में उसका अध्ययन करते हैं। आप उसके ऊपर अपनी सम्मति नहीं लादते। आप यह नहीं कहते कि उसे यह या वह होना चाहिए। बस उसका सतर्कता से निरीक्षण करते हैं। करते हैं न? जब आप पूरी सक्रियता से जागरूक होते हैं, तब अपने बच्चे को समझना आरंभ करते हैं। यदि आप निरंतर आलोचना करते रहें, अपने खास व्यक्तित्व को, रुझानों, सम्मतियों को आरोपित करें, निरंतर यह तय करें कि उसे यह करना चाहिए, वह नहीं करना चाहिए, तो स्पष्ट है कि आप उस संबंध में अवरोध खड़े कर लेंगे। दुर्भाग्य से, हममें से अधिकतर लोग किसी को अपनी इच्छानुरूप ढालने के लिए, हस्तक्षेप करने के लिए आलोचना करते हैं। किसी भी स्थिति को, जैसे पति, संतान और किसी के साथ रिश्ते को मनचाहा आकार देने में बड़ा सुख मिलता है, तुष्टि मिलती है या इसमें आपको एक प्रकार की सत्ता-शक्ति का एहसास होता है। निस्संदेह, इन सारी प्रक्रियाओं द्वारा संबंध को नहीं समझा जा सकता। इसमें केवल आरोपण है और इस सबसे संबंध को समझने में बाधा पड़ती है।

शख्सियत — श्रेया घोषाल

भारतीय पार्श्व गायिका

श्रेया घोषाल (जन्म तारीख: 12 मार्च 1984) एक भारतीय पार्श्व गायिका है। उन्होंने बॉलीवुड में, क्षेत्रीय फिल्मों बहुत सारे गाने गाए और कस्तूरी जैसे भारतीय धारावाहिकों के लिए भी गाया है। हिन्दी के अलावा, उन्होंने असमिया, बंगाली, कन्नड़, मलयालम, मराठी, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और भोजपुरी में भी गाने गाए हैं। श्रेया घोषाल का जन्म एक बंगाली ब्राह्मण परिवार में हुआ। वे राजस्थान, कोटा के पास एक छोटे-से कस्बे रावतभाटा में पली-बढ़ीं. वे एक बहुत ही पढ़े-लिखे परिवार से हैं।

श्रेया घोषाल के पिता भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र में नाभिकीय ऊर्जा संयन्त्र इंजीनियर के रूप में भारतीय नाभिकीय ऊर्जा निगम के लिए काम करते हैं, जबकि उनकी माँ साहित्य की स्नातकोत्तर छात्रा हैं। चार साल की उम्र से घोषाल ने हारमोनियम पर अपनी मां के साथ संगत किया। उनके माता-पिता ने उन्हें कोटा में महेशचन्द्र शर्मा के पास हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की विधिवत् शिक्षा के लिए भेजा। बच्ची के रूप में ज़ी टीवी पर सा रे गा मा (अब सा रे गा मा पा) की चिल्ड्रेन स्पेशल एपीसोड की प्रतियोगिता का खिताब उन्होंने जीता। उस समय आज के प्रसिद्ध गायक सोनू निगम ने इस कार्यक्रम की मेजबानी की थी। कल्याणजी, जो प्रतियोगिता के निर्णायक थे, ने उनके माता-पिता को मुम्बई आने के लिए मनाया।उन्होंने 18 महीनों तक उनसे शिक्षा ली और मुम्बई की मुक्त भिडे से शास्त्रीय संगीत की तालीम को जारी रखा। फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली का ध्यान अपनी ओर तब खींचा जब उन्होंने सा रे गा मा पा में दूसरी बार भाग लिया, । साल 2000 में, उन्होंने अपनी फिल्म देवदास में मुख्य महिला किरदार पारो, जिस किरदार को ऐश्वर्या राय को निभाना था, की आवाज के लिए मौका देने का प्रस्ताव रखा। फिल्म में श्रेया ने इस्माइल दरबार के संगीत निर्देशन में पाँच गाने गाए. दुनिया भर के फिल्मी दर्शकों ने एश्वर्या राय पर फिल्माया गया, घोषाल का गाना सुना और बहुत ही जल्द वे बॉलीवुड में अलका याज्ञिक, सुनिधि चौहान, साधना सरगम और कविता कृष्णमूर्ति के साथ चोटी की पार्श्व गायिक बन गयीं। इस गीत ने उन्हें उस साल का सर्वश्रेष्ठ गायिका का फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार दिलाया। साथ ही उभरती प्रतिभाओं के लिए दिया जानेवाला आर॰ डी॰ बर्मन पुरस्कार भी उन्हें उसी पुरस्कार समारोह में दिया गया। देवदास के बाद, ए. आर. रहमान, अनु मलिक, हिमेश रेशमिया, मणि शर्मा, एम. एम. किरावनी, नदीम-श्रवण, शंकर-एहसान-लॉयल, प्रीतम, विशाल-शेखर, हंसलेखा, मनो मूर्ति, गुरुकिरण, इल्लया राजा, युवन शंकर राजा और हैरीज जयराज समेत बहुत सारे संगीत निर्देशकों के निर्देशन में बहुत सारी अभिनेत्रियों के लिए गाती रही हैं। उन्होंने उत्तर और दक्षिण फिल्म उद्योगों के लिए बहुत सारे पुरस्कार जीते हैं। भूल-भुलैया के 'मेरे ढोलना' गीत के लिए भी उन्हें बहुत वाहवाही मिली। आज घोषाल उद्योग की एक प्रतिष्ठित गायिका हैं और उन्होंने हिन्दी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, बंगाली, कन्नड, गुजराती, मेइती, मराठी और भोजपुरी समेत विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में गाने रिकॉर्ड किए हैं।

जीवन ऊर्जा

यशवंतराव चव्हाण : जन्म 12 मार्च 1913 — जन्म

लोकतांत्रिक पार्टियों को हमेशा विचारधारा से निर्देशित होना चाहिए

यशवंतराव चव्हाण का जन्म 12 मार्च 1913 को भारत के महाराष्ट्र राज्य के सतारा जिले के देवराष्ट्रे नामक गांव में एक मराठा किसान परिवार के घर हुआ था। यशवन्तराव बलवन्तराव चव्हाण मुम्बई राज्य के विभाजन के बाद महाराष्ट्र के पहले मुख्यमंत्री और भारत के पांचवे उप-प्रधानमन्त्री थे। वे एक मजबूत कांग्रेस नेता, स्वतन्त्रता सेनानी, सहकारी नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक थे। यशवंतराव चव्हाण का 25 नवंबर, 1984 को दिल्ली में निधन हो गया।

हमारी सोच में प्रत्येक व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास वास्तविक है। समाज के विकास के लिए हमने लोगों के जीवन में गरीबी को दूर करने के लिए विकास कार्यक्रम को हाथ में लिया है, लेकिन इस कार्यक्रम को शुरू करते समय हमें अपने राजनीतिक चिंतन के ज्ञान को भी अद्यतन रखना चाहिए। हमें लगातार यह सोचना चाहिए कि हम जिन विकास योजनाओं को लागू कर रहे हैं, वे किसके लिए हैं। कोई भी राजनीतिक दल वफादारी से चलता है। हालांकि यह सच है, लोकतांत्रिक पार्टियों को हमेशा विचारधारा से निर्देशित होना चाहिए। आप-हम उसके लिए सदैव प्रयत्नशील रहें। विचारों के प्रति निष्ठा होनी चाहिए।

लोकतंत्र में जनता राजा होती है। यह बात हमें लोगों को बार-बार बतानी चाहिए। और जन-जन के जीवन पर सुख की छाया डालने के लिए हर आदमी को, हर बच्चे को छायादार वृक्ष समझना चाहिए और उसमें खाद डालना चाहिए। देश के आर्थिक उन्नती के लिए हमने जो सिद्धांत अपनाया है, उसे हम टाल नहीं सकते। हमें यह निश्चित रूप से मानना चाहिए कि जिस दिन हम इस सिद्धांत को भूल जाएंगे, त्याग देंगे, जिस दिन देश की रक्षा के मुद्दे नष्ट हो जाएंगे। यशवंतराव चव्हाण न केवल एक राजनेता थे। वे एक अच्छे वक्ता थे, साक्षर भी थे। आंदोलन से आने के कारण उन्हें सामाजिक कार्यों का बहुत ज्ञान था। उनके जनसंपर्क बेहतरीन थे। जमीनी स्तर के लोगों से लेकर बड़े-बड़े कलाकारों, विचारकों और देश-विदेश के श्रेष्ठ राजनेताओं और नेताओं से उनके अच्छे संबंध थे। विदेश नीति, घरेलू नीति और आर्थिक नीति को लगातार संरेखित किया जाना चाहिए। सहकारिता आन्दोलन में आर्थिक शक्ति होती है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

84 कोस की परिक्रमा का महत्व

जिस प्रकार हमारे अवंतिका क्षेत्र में 84 महादेव यात्रा होती है उसी प्रकार ब्रज क्षेत्र में 84 कोस की परिक्रमा का महत्त्व है।कहते हैं ,जब यशोदा मैया और नन्दबाबा ने श्रीकृष्णसे तीर्थयात्रा की इच्छा जताई,तब श्रीकृष्णने

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

आह्वान कर सभी तीर्थों को ब्रज ही बुला लिया।मैया यशोदा व नन्दबाबा ने तब ब्रज की वह 84कोसयात्रा की और तभीसे इस यात्राकी परम्परा शुरु हुई।

आइए देखें क्या है ये यात्रा और इसका महत्व।

वृंदावन, मथुरा, गौकुल, नँदगांव, बरसाना, गोवर्धन सहित वें सभी जगह जहाँ श्री कृष्ण जी का बचपन बीता और आज भी जहाँ उनको महसूस किया जा सकता है जैसे कि सांकोर आदि में वह सब ब्रज 84 कोस यात्रा का हिस्सा है।

ब्रज चौरासी कोस की,
परिक्रमा एक देत।
लख चौरासी योनि के,
संकट हरि हर लेत।।
वृंदावन के वृक्ष को, मरम
ना जाने कोय।
डाल-डाल और पात पे,

श्री राधे-राधे होय।।

वेद-पुराणों में ब्रज की 84 कोस की परिक्रमा का बहुत महत्व है, ब्रज भूमि भगवान श्रीकृष्ण एवं उनकी शक्ति राधा रानी की लीला भूमि है। इस परिक्रमा के बारे में वारह पुराण में बताया गया है कि पृथ्वी पर 66 अरब तीर्थ हैं और वे सभी चातुर्मास में ब्रज में आकर निवास करते हैं। कृष्ण की लीलाओं से जुड़े हैं 1100 सरोवर। ब्रज चौरासी कोस की परिक्रमा मथुरा के अलावा राजस्थान और हरियाणा के होडल जिले के गांवों से होकर गुजरती है। करीब 268 किलोमीटर परिक्रमा मार्ग में परिक्रमार्थियों के विश्राम के लिए 25 पड़ाव स्थल हैं। इस पूरी परिक्रमा में करीब 1300 के आसपास गांव पड़ते हैं। कृष्ण की लीलाओं से जुड़े 1100 सरोवर, 36 वन-उपवन, पहाड़-पर्वत पड़ते हैं। बालकृष्ण की लीलाओं के साक्षी उन स्थल और देवालयों के दर्शन भी परिक्रमार्थी करते हैं, जिनके दर्शन शायद पहले ही कभी किए हों। परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं को यमुना नदी को भी पार करना होता है।ज़्यादातर यात्राएं चैत्र, बैसाख मास में ही होती है चतुर्मास या पुरुषोत्तम मास में नहीं। परिक्रमा यात्रा साल में एक बार चैत्र पूर्णिमा से बैसाख पूर्णिमा तक ही निकाली जाती है।

अपने विचार

उत्तम चिकित्सा सुविधाओं तक हर नागरिक की सुगम और सुलभ पहुंच की सुनिश्चितता हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। 'स्वस्थ उत्तर प्रदेश' की संकल्पना की सिद्धि में नया उत्तर प्रदेश सतत गतिशील है।

-**योगी आदित्यनाथ,** सीएम,उत्तर प्रदेश

आम आदमी पार्टी की ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दिल्ली की महिलाएं उनके पार्टी ऑफिस आ रही हैं कि होली में तीन दिन बाकी है। ऐसे में मुफ्त सिलेंडर कब मिलेगा।



-**आतिशी,नेता,** आप पार्टी

'आज हमने महाराष्ट्र के हिंदू समुदाय के लिए बड़ा कदम उठाया है। यह फैसला हिंदू समुदाय को ध्यान में रखकर लिया गया है। हिन्दू लोग हिंदुओं के लिए झटका मटन बेचने वाली मटन की दुकानों तक आसानी से पहुंच सकेंगे।'

-**नितेश राणे,** मंत्री, महाराष्ट्र

बिहार में अपराधियों के मंसूबे देखकर यही लगता है कि किसी दिन ये सबसे सुरक्षित कहे जाने वाले सीएम हाउस (मुख्यमंत्री आवास) में न घुस जाएं। और सीएम नीतीश हाथ पर हाथ धरे बैठे रह जाएं।

-**रोहिणी आचार्या** ,नेता , आरजेडी

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िम्मेदार)।

महाराष्ट्र को 28.87 करोड़ की धनराशि का आवंटन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार की 'कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (आत्मा)' योजना महाराष्ट्र के सभी 34 जिलों में लागू की जा रही है।

इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र को 28.87 करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान की थी। यह जानकारी लोकसभा में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने भाजपा सांसद नारायण राणे के सवाल के लिखित जवाब में दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने आत्मा योजना के तहत महाराष्ट्र को वित्तीय वर्ष 2022-23 में 38 करोड़ रुपए और वर्ष 2021-22 में 50 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की थी।

क्या है आत्मा योजना?

बता दें कि आत्मा योजना वर्ष 2005 से पूरे देश में कार्यान्वित की जा रही है। मौजूदा समय में यह योजना 28 राज्यों और 5 संघ राज्य क्षेत्रों के 740 जिलों में कार्यान्वित की जा रही है। मंत्री ने बताया कि यह योजना देश में विकेंद्रीकृत और किसान अनुकूल विस्तार पद्धति को बढ़ावा देती है। इस योजना के तहत राज्य सरकारों को अनुदान सहायता जारी की जाती है, जिसका उद्देश्य विभिन्न विस्तार गतिविधियों जैसे किसान प्रशिक्षण, प्रदर्शन, किसान मेला, किसान समूहों को संगठित करने और फार्म स्कूल आदि के माध्यम से किसानों को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के विभिन्न विषयगत क्षेत्रों में नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकियों और अच्छी कृषि पद्धतियों को उपलब्ध कराने के राज्य सरकार के प्रयासों में सहायता प्रदान करना है

ठाणे मनपा क्षेत्र में 71 हजार श्वानों की नसबंदी

▶▶ विप में उपमुख्यमंत्री शिंदे ने लिखित जवाब में दी जानकारी

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे नगर निगम (TMC) क्षेत्र में वर्ष 2004 से जनवरी 2025 तक 71,064 आवारा श्वानों की नसबंदी की गई है। विधान परिषद में इस विषय पर पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यह जानकारी दी।

कोरोना काल में रोकी गई थी नसबंदी प्रक्रिया

▪ शिंदे ने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान नसबंदी अभियान पर अस्थायी रोक लगाई गई थी, जिससे इस दौरान आवारा श्वानों की संख्या में वृद्धि हुई। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आवारा श्वानों के कारण शहर में किसी प्रकार का डर का माहौल नहीं है।

2004 से चल रहा नसबंदी और रेबीज टीकाकरण

▪ एकनाथ शिंदे ने कहा कि केंद्र सरकार के पशुजन्य नियंत्रण नियम (श्वान) 2001 के तहत 2004 से ठाणे में आवारा श्वानों की नसबंदी और रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम चल रहा है। ठाणे मनपा और प्राणी मित्र संस्था के सहयोग से यह अभियान संचालित किया जा रहा है।

रेबीज मुक्त ठाणे का संकल्प

पिछले दो वर्षों से ठाणे में 'रेबीज मुक्त ठाणे' अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत श्वानों को नसबंदी और रेबीज टीकाकरण दिया जा रहा है। इस विषय में भाजपा सदस्य निरंजन डावखरे, प्रवीण दरेकर समेत कई विधायकों ने सवाल उठाए थे, जिनका जवाब उपमुख्यमंत्री ने विधान परिषद में दिया। नगर प्रशासन का कहना है कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा ताकि शहर में श्वानों की संख्या को नियंत्रित किया जा सके।

पर्यावरण के अनुकूल होली मनाने की अपील

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

होली और रंगपंचमी के अवसर पर उल्हासनगर महानगरपालिका ने नागरिकों से पर्यावरण के अनुकूल तरीके से त्योहार मनाने की अपील की है। मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले और पर्यावरण विभाग ने जल संरक्षण, वृक्षारोपण और प्रदूषण मुक्त वातावरण पर जोर देते हुए लोगों से होली जलाने के लिए पेड़ों की कटाई रोकने, पानी की बर्बादी से बचने और हानिकारक रासायनिक रंगों के उपयोग को छोड़ने का आग्रह किया है।

▶▶ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उठाए गए कदम

जनहित याचिका (सं. 155/2011) के तहत उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार, देशभर में पर्यावरण-अनुकूल त्योहार मनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मनपा प्रशासन ने सामाजिक संगठनों और पर्यावरणविदों के सहयोग से जागरूकता अभियान शुरू किया है। शहरवासियों से अपील की गई है कि परंपरा और संस्कृति का पालन करते हुए प्रकृति की रक्षा करें। जल, वायु और हरित पर्यावरण को बचाने के लिए सतर्क रहें।

पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। हम त्योहारों का आनंद लें लेकिन साथ ही यह सुनिश्चित करें कि प्रकृति को नुकसान न पहुंचे। हम नागरिकों से अपील करते हैं कि वे पेड़ों की कटाई, पानी की बर्बादी और प्रदूषण से बचें और जिम्मेदारी से त्योहार मनाएं।
मनीषा अव्हाले, आयुक्त

मुंबई से गोरखपुर पहुंचना होगा आसान

मुंबई। होली के दौरान यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे एलटीटी मुंबई और गोरखपुर के बीच 8 विशेष ट्रेन सेवाएं संचालित करेगा। 05326 विशेष ट्रेन 13 से 24 मार्च 2025 तक हर गुरुवार और सोमवार को एलटीटी मुंबई से सुबह 10.20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रात 8 बजे गोरखपुर पहुंचेगी, जबकि 05325 विशेष ट्रेन 11 से 22 मार्च 2025 तक हर मंगलवार और शनिवार को रात 7 बजे गोरखपुर से रवाना होकर तीसरे दिन सुबह 6.50 बजे एलटीटी मुंबई पहुंचेगी। ट्रेन का ठहराव प्रमुख स्टेशनों पर होगा, जिसमें ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, प्रयागराज, अयोध्या आदि शामिल हैं। ट्रेन में 4 वातानुकूलित-3 टियर, 8 शयनयान, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 लगेज सह गार्ड ब्रेक वैन कोच होंगे। विशेष ट्रेन 05326 की बुकिंग 12 मार्च 2025 से सभी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और IRCTC वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

महापालिका आयुक्त ने स्कूलों का किया दौरा

सुशील सिंह | कल्याण

▪ विद्यार्थियों से अपनत्व के साथ किया संवाद
▪ स्कूलों के कायापलट पर जोर

कल्याण-डोंबिवली महापालिका आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड़ ने धाकटे-शहाड स्थित स्कूल क्रमांक 33 और नेतीवली स्थित स्कूल क्रमांक 19 का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्कूलों की मौजूदा सुविधाओं का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर उनकी जरूरतों और समस्याओं को समझा। इस दौरे में शिक्षा विभाग के उपआयुक्त संजय जाधव, शिक्षा अधिकारी विजय सरकटे, कार्यकारी अभियंता योगेंद्र राठोड सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

विद्यालयों का होगा संपूर्ण कायापलट

महापालिका आयुक्त के निर्देशानुसार, महानगरपालिका द्वारा सभी 61 स्कूलों में सुधार कार्य किए जा रहे हैं। स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। स्कूलों की मरम्मत और आधारभूत सुविधाओं को उन्नत करने के प्रस्ताव मंजूर हो चुके हैं, और कार्य तेज गति से चल रहा है।

नए शैक्षणिक वर्ष के लिए विशेष तैयारियां

आगामी शैक्षणिक वर्ष में विद्यार्थियों को गणवेश, पाठ्यपुस्तकें और अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। महापालिका आयुक्त ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि स्कूलों में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को लागू कर विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के प्रयास किए जाएं। नए सत्र से पहले सभी स्कूलों के मरम्मत कार्य को पूरा करने के आदेश दिए गए हैं।

दो महिला टिकट चेकिंग कर्मचारियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भारतीय रेलवे महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करने में अग्रणी रहा है। इसी कड़ी में, पश्चिम रेलवे की महिला टिकट चेकिंग कर्मचारियों ने बिना टिकट यात्रा पर अंकुश लगाने में शानदार प्रदर्शन किया है। मुख्य टिकट निरीक्षक (सीटीआई) नयना पटेल (सूरत) और उप मुख्य टिकट निरीक्षक मल्लिगा (दादर) ने क्रमशः गैर-उपनगरीय और उपनगरीय खंड में टिकट चेकिंग से सबसे अधिक राजस्व जुटाने में सफलता प्राप्त की है।

नयना पटेल: गैर-उपनगरीय ट्रेनों में उत्कृष्ट योगदान

▪ पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, सीटीआई नयना पटेल ने 2024 में उल्लेखनीय सेवा दी। उनके सतत प्रयासों से गैर-उपनगरीय खंड में 4,470 से अधिक अनधिकृत यात्रियों को पकड़ा गया, जिससे रेलवे को 33 लाख रुपये की आय प्राप्त हुई।

मल्लिगा: उपनगरीय ट्रेनों में प्रभावशाली कार्य



▪ उपनगरीय ट्रेनों में टिकट चेकिंग की जिम्मेदारी संभालने वाली उप-सीटीआई मल्लिगा ने जनवरी से दिसंबर 2024 तक 7,820 मामलों का पता लगाया और 21.50 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला।

सावित्री बाई फुले का मुखोटा पहनकर आशा स्वयंसेविकाओं ने किया प्रदर्शन

छह महीने से बकाया मानधन को लेकर मनपा मुख्यालय के सामने विरोध

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर महानगरपालिका में कर्मचारियों और ठेकेदारों के आंदोलनों के बाद अब आशा स्वयंसेविकाओं को भी अपने मानधन के लिए प्रदर्शन करना पड़ा। सोमवार, 10 मार्च को महिला शिक्षा की प्रतीक सावित्री बाई फुले की जयंती पर स्वयंसेविकाओं ने "सावित्री बाई की बेटी" का मुखोटा पहनकर मनपा मुख्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया।

यह कैसा न्याय है कि लाखों रुपये वेतन पाने वाले अधिकारी समय पर भुगतान पा रहे हैं, लेकिन गरीब स्वयंसेविकाओं को महीनों से मानधन नहीं मिला?
डॉ. राजाराम रासकर, आशा स्वयंसेविका संघ के पदाधिकारी

छह महीने से नहीं मिला मानधन

उल्हासनगर में 220 आशा स्वयंसेविकाएं कार्यरत हैं, जो घर-घर जाकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती हैं। इनका काम पोलियो अभियान, गर्भवती महिलाओं की देखभाल, स्वास्थ्य संबंधी डेटा संग्रह और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना है। लेकिन आशा स्वयंसेविकाओं को छह महीने से मानधन नहीं मिला, जिससे वे आर्थिक संकट का सामना कर रही हैं।

सरकार और प्रशासन पर लगाया अनदेखी का आरोप

प्रदर्शन कर रही स्वयंसेविकाओं ने केंद्र और राज्य सरकार के साथ ही मनपा प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिकारियों को लाखों रुपये वेतन समय पर मिलता है, लेकिन आशा स्वयंसेविकाओं को छह महीने से मेहनताना नहीं दिया जा रहा।

आनंदनगर सबस्टेशन पर जनरेटर क्षमता बढ़ाने का कार्य शुरू

उल्हासनगर, अंबरनाथ और बदलापुर के उपभोक्ताओं से बिजली के समझदारी से उपयोग की अपील

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

महापारेषण के 220/22 केवी आनंदनगर सबस्टेशन पर तीन 50 एमवीए जनरेटर में से एक की क्षमता बढ़ाकर 100 एमवीए करने का कार्य मंगलवार (11 मार्च) सुबह से शुरू हो गया है। यह कार्य 20 मार्च की मध्य रात्रि तक पूरा होने की उम्मीद है। औद्योगिक संघों और उपभोक्ताओं की महापारेषण एवं महावितरण के साथ हुई संयुक्त बैठक में सर्वसम्मति से इस क्षमता विस्तार का निर्णय लिया गया था। आनंदनगर एमआईडीसी में स्थित 13 एक्सप्रेस फीडरों पर औद्योगिक उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति दो अन्य 50 एमवीए जनरेटर के

बिजली आपूर्ति के लिए वैकल्पिक योजना तैयार

इस सबस्टेशन से जुड़े अन्य उपभोक्ताओं को भी निर्बाध विद्युत आपूर्ति जारी रखने की योजना बनाई गई है। महापारेषण और महावितरण ने उल्हासनगर उप-विभाग 4 और 5, अंबरनाथ पूर्व-पश्चिम और बदलापुर पूर्व-पश्चिम के सभी उपभोक्ताओं से काम पूरा होने तक बिजली के संयमित उपयोग की अपील की है।

अन्य सबस्टेशनों पर लोड स्थानांतरित

खरवाई और पोद्दार सबस्टेशनों का पूरा भार 100/22 केवी मोरीवली सबस्टेशन पर स्थानांतरित किया गया है। बदलापुर पूर्व को खरवाई और पोद्दार सबस्टेशनों से बिजली दी जा रही है। बदलापुर पश्चिम को महावितरण के सोनीवली सबस्टेशन से आपूर्ति की जा रही है, जबकि इसके कुछ हिस्सों का लोड 220/22 केवी जाम्भुल सबस्टेशन पर डायवर्ट किया गया है।

क्षमता विस्तार से उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

महापारेषण और महावितरण ने उपभोक्ताओं को आश्वासन दिया है कि इस योजना के तहत बिजली आपूर्ति को बाधित न होने देने की पूरी कोशिश की जाएगी। हालांकि, अधिक लोड या अपरिहार्य तकनीकी कारणों से आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

दादर-भुसावल स्पेशल ट्रेन का पालघर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए 15 मार्च 2025 से दादर-भुसावल स्पेशल (09051/09052) को पालघर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव देने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 09051 दादर-भुसावल स्पेशल पालघर स्टेशन पर रात 01.29 बजे पहुंचेगी और 01.31 बजे रवाना होगी, जबकि 09052 भुसावल-दादर स्पेशल रात 03.17 बजे पहुंचेगी और 03.19 बजे प्रस्थान करेगी।

आईआरसीटीसी ने विशेष पर्यटक ट्रेन पैकेज किया लॉन्च

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

आईआरसीटीसी द्वारा भारत गौरव एसी टूरिस्ट ट्रेन के तहत 'जैन यात्रा' 31 मार्च 2025 को बांद्रा टर्मिनस से 08 रात/09 दिन की यात्रा के लिए रवाना होगी। यह विशेष पर्यटक ट्रेन पावापुरी, कुंडालपुर, गुनियाजी, लाछुआर, राजगीर, पारसनाथ, रुजुवालिका और सम्मेद शिखरजी को कवर करेगी। 3AC श्रेणी वाली इस ट्रेन में 750 पर्यटक यात्रा कर सकेंगे, जिसमें खानपान और अन्य सुविधाएं जैन पद्धति के अनुरूप होंगी।

यहां होगा ट्रेन का ठहराव

ट्रेन का ठहराव बांद्रा टर्मिनस, बोरीवली, वापी, वलसाड, भेस्तान (सूरत), भुसावल, इटारसी, जबलपुर और सतना में होगा। इस यात्रा के लिए प्रति व्यक्ति किराया 24,930 निर्धारित किया गया है, जिसमें ट्रेन यात्रा, धर्मशाला/बजट होटलों में ठहराव, शुद्ध जैन भोजन, एसी वाहन द्वारा स्थानांतरण, दर्शनीय स्थल भ्रमण, यात्रा बीमा और टूर मैनेजर की सेवाएं शामिल हैं। सुरक्षा के लिए ट्रेन में सीसीटीवी, उद्घोषणा प्रणाली और गार्ड की व्यवस्था होगी।

सोलापुर मंडल के 4 स्टेशनों पर रुकेंगी मुंबई-नान्देड होली स्पेशल ट्रेनें

सोलापुर। होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे एलटीटी मुंबई और हजूर साहिब नान्देड के बीच 4 विशेष ट्रेन सेवाएं चलाएगा, जो मध्य रेल के सोलापुर मंडल के कुर्डूवाडी, बारसी टाउन, उस्मानाबाद और लातूर स्टेशनों पर भी रुकेगी। ट्रेन संख्या 01105 साप्ताहिक स्पेशल 12 और 19 मार्च 2025 को रात 12.55 बजे एलटीटी मुंबई से रवाना होकर उसी दिन रात 9 बजे हजूर साहिब नान्देड पहुंचेगी, जबकि 01106 विशेष ट्रेन 12 और 19 मार्च 2025 को रात 10.30 बजे नान्देड से प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 4.05 बजे एलटीटी पहुंचेगी। ट्रेन का ठहराव प्रमुख स्टेशनों पर होगा।

राशिफल

प्रियंका जैन

मेष: नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। परीक्षा आदि में सफलता मिलेगी। पारिवारिक कष्ट एवं समस्याओं का अंत संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय से

वृष: शत्रु सक्रिय रहेंगे। कुसंगति से हानि होगी। व्ययवृद्धि होगी। लेन-देन में सावधानी रखें, जोखिम न लें। किसी शुभचिंतक से मेल-मुलाकात का हर्ष होगा। संतान की आजीविका संबंधी समस्या का हल निकलेगा। लापरवाही से काम

मिथुन: यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। आय में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें। आकस्मिक लाभ व निकटजनों की प्रगति से मन में प्रसन्नाता रहेगी। परिश्रम से स्वयं के कार्यों में भी शुभ परिणाम आएँगे।

कर्क: कार्यस्थल पर परिवर्तन लाभ में वृद्धि करेगा। योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे। कष्ट होगा। पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ने से व्यस्तता बढ़ेगी। कार्य में नवीनता के भी योग हैं। संतान के व्यवहार

सिंह: कानूनी अड़चन दूर होगी। अध्यात्म में रुचि रहेगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रुके धन के लिए प्रयत्न जरूर करें। कार्य का विस्तार होगा। दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप से बचें। दांपत्य जीवन

कन्या: चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें, बाकी सामान्य रहेगा। प्रयास अधिक करने पर भी उचित सफलता मिलने में संदेह है। कार्य में विलंब के भी योग हैं। आर्थिक हानि हो सकती है।

तुला: जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। अर्थ प्राप्ति के योग बनेंगे। विवादों से दूर रहना चाहिए। पिता से व्यापार में सहयोग मिल सकेगा। सरकारी मसले सुलझेंगे।

वृश्चिक: बेरोजगारी दूर होगी। विवाद न करें। संपत्ति की खरीद-फरोख्त हो सकती है। आय बढ़ेगी। मन में उत्साहपूर्ण विचारों के कारण समय सुखद व्यतीत होगा। मकान व जमीन संबंधी कार्य बनेंगे। अनायास

धनु: रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। नए कार्यों से जुड़ने का योग बनेगा। पारिवारिक जीवन सुखद नहीं रहेगा।

मकर: बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। भागदौड़ रहेगी। आय में कमी होगी। किसी कार्य में प्रतिस्पर्धात्मक तरीके से जुड़ने की प्रवृत्ति आपके लिए शुभ रहेगी। राज्यपक्ष से लाभ होगा।

कुंभ: मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। दूर रहने वाले व्यक्तियों से संपर्क के कारण लाभ हो सकता है।

मीन: आज उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी। परिवार में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। बुद्धि चातुर्य से कठिन कार्य भी आसानी से बनेंगे।

कथा : कर्म भोगने ही पड़ेंगे इस जन्म या अगले जन्म

प्रियंका जैन
9769994439

एक राजा बड़ा धर्मात्मा, न्यायकारी और परमेश्वर का भक्त था। उसने ठाकुरजी का मंदिर बनवाया और एक ब्राह्मण को उसका पुजारी नियुक्त किया। वह ब्राह्मण बड़ा सदाचारी, धर्मात्मा और संतोषी था। वह राजा से कभी कोई याचना नहीं करता था, राजा भी उसके स्वभाव पर बहुत प्रसन्न था। उसे राजा के मंदिर में पूजा करते हुए बीस वर्ष गुजर गये। उसने कभी भी राजा से किसी प्रकार का कोई प्रश्न नहीं किया।

राजा के यहाँ एक लड़का पैदा हुआ। राजा ने उसे पढ़ा लिखाकर विद्वान बनाया और बड़ा होने पर उसकी शादी एक सुंदर राजकन्या के साथ करा दी। शादी करके जिस दिन राजकन्या को अपने राजमहल में लाये उस रात्रि में राजकुमारी को नींद न आयी। वह इधर-उधर घूमने लगी जब अपने पति के पलंग के पास आयी तो क्या देखती है कि हीरे जवाहरात जड़ित मूठेवाली एक तलवार पड़ी है। जब उस राजकन्या ने देखने के लिए वह तलवार म्यान में से बाहर निकाली, तब तीक्ष्ण धारवाली और बिजली के समान प्रकाशवाली तलवार देखकर वह डर गयी व डर के मारे उसके हाथ से तलवार गिर पड़ी और राजकुमार की गर्दन पर जा लगी। राजकुमार का सिर कट गया और वह मर गया।

राजकन्या पति के मरने का बहुत शोक करने लगी। उसने परमेश्वर से प्रार्थना की कि 'हे प्रभु ! मुझसे अचानक यह पाप कैसे हो गया ? पति की मृत्यु मेरे ही हाथों हो गयी। आप तो जानते ही हैं, परंतु सभा में मैं सत्य न कहूँगी क्योंकि इससे मेरे माता-पिता और सास-ससुर को कलंक लगेगा तथा इस बात पर कोई विश्वास भी न करेगा।'

प्रातःकाल में जब पुजारी कुएँ पर स्नान करने आया तो राजकन्या ने उसको देखकर विलाप करना शुरु किया और इस प्रकार कहने लगीः 'मेरे पति को कोई मार गया।' लोग इकट्ठे हो गये और राजा साहब आकर पूछने लगेः 'किसने मारा है ?'

वह कहने लगीः 'मैं जानती तो नहीं कि कौन था। परंतु उसे ठाकुरजी के मंदिर में जाते देखा था' राजा समेत सब लोग ठाकुरजी के मंदिर में आये तो ब्राह्मण को पूजा करते हुए देखा।

उन्होंने उसको पकड़ लिया और पूछाः 'तूने राजकुमार को क्यों मारा ?'

ब्राह्मण ने कहाः 'मैंने राजकुमार को नहीं मारा। मैंने तो उनका राजमहल भी नहीं देखा है। इसमें ईश्वर साक्षी हैं। बिना देखे किसी पर अपराध का दोष लगाना ठीक नहीं।'

ब्राह्मण की तो कोई बात ही नहीं सुनता था। कोई कुछ कहता था तो कोई कुछ.... राजा के दिल में बार-बार विचार आता था कि यह ब्राह्मण निर्दोष है परंतु बहुतों के कहने पर राजा ने ब्राह्मण से कहाः,

'मैं तुम्हें प्राणदण्ड तो नहीं देता लेकिन जिस हाथ से तुमने मेरे पुत्र को तलवार से मारा है, तेरा वह हाथ काटने का आदेश देता हूँ।'

क्रमशः

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

मुकेश सहनी की पार्टी 60 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

पटना। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) की मंगलवार को दो दिवसीय प्रदेश और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक समाप्त हो गई। इस बैठक में 60 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया गया। पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर में हुई इस बैठक के बाद बिहार में वीआईपी पार्टी ने विधानसभा चुनाव को लेकर अगाज कर दिया। इससे पहले वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने महागठबंधन में डिप्टी सीएम पद पर अपनी दावेदारी पेश कर सियासी पारा बढ़ा दिया था। पार्टी के संस्थापक और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने बैठक में लिए गए निर्णयों के विषय में बताते हुए कहा कि पार्टी अपनी पहचान बना चुकी है। पार्टी के साथ आठ से दस प्रतिशत वोट हैं। इस लिहाज से बिहार विधान सभा के 243 सीटों में से वीआईपी पार्टी 150 सीटों पर निर्णायक भूमिका में है। इन सीटों के परिणाम हम परिणाम प्रभावित करने की स्थिति में हैं। गठबंधन में इस ख्याल से हमारी पार्टी 60 सीट पर चुनाव लड़ेगी। शेष सीट हमने सहयोगियों के लिए छोड़ दिया है।

बुंदेलखंड की ताकत को दुनिया करेगी महसूस: CM योगी

झांसीः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि नया भारत और नया उत्तर प्रदेश अपनी पूरी सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बुंदेलखंड की ताकत का एहसास अब दुनिया करेगी। इस दौरान उन्होंने युवा उद्यमी विकास योजना के तहत 1,070 युवाओं को लोन वितरण किया। योजना के तहत पांच लाख रुपये का ब्याज और गारंटी मुक्त ऋण वितरित किया गया। इसमें 10 प्रतिशत 'मार्जिन मनी' अनुदान के रूप में दी जाएगी, जिससे युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दिवसीय दौरे पर झांसी पहुंचे और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत झांसी और चित्रकूट मंडल के संयुक्त क्रेडिट कैंप की शुरुआत की। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बुंदेलखंड की प्रगति और प्रदेश के बदलते स्वरूप को लेकर सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का जिक्र किया। इसके साथ ही उन्होंने महाकुंभ की सफलता पर प्रदेशवासियों को बधाई दी और युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

तनिष्क शोरूम लूट कांड के बाद एक्शन में पटना पुलिस

पटना। बिहार की राजधनी पटना के बिहटा में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 50 लाख रुपये की स्मैक जब्त किया है। पुलिस ने 438 ग्राम स्मैक पाउडर के साथ दो तस्करों को पकड़ा है। सोमवार को आरा के तनिष्क शोरूम में 7 से 8 की संख्या में अपराधियों ने लगभग 25 करोड़ की लूट की थी। इसके बाद से सीमा पर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान शैलेन्द्र कुमार (पटना के मसौढ़ी) और राहुल कुमार (दुल्हिनबाजार) के रूप में हुई है। पुलिस ने इन तस्करों के पास से एक महंगी बाइक, दो फोन और एक बैग जब्त किया है। दोनों तस्करों की गिरफ्तारी के बाद दानापुर के डीएसपी पंकज मिश्रा ने बताया कि आरा में हुई 25 करोड़ की लूट के बाद पटना पुलिस भोजपुर-पटना सीमा पर वाहन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान परेव पुल के पास पुलिस को देखकर दो बाइक सवार भागने लगे। उनकी गतिविधि देख पुलिस को शक हुआ और टीम ने पीछा किया। इसके बाद दोनों को पकड़ा गया। पुलिस ने गिरफ्तारी की बाद दोनों की तलाशी ली।

डीएसपी पीके सिंह ने किया गैंगस्टर अमन साहू का एनकाउंटर

एजेंसी । रांची

झारखंड के सबसे बड़े गैंगस्टर को आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) ने मार गिराया है। कुख्यात अपराधी अमन साहू झारखंड के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पीके सिंह की गोलियों का शिकार हुआ। पीके सिंह इस समय एटीएस में डीएसपी हैं। पीके सिंह धनबाद जिले के बैंक मोड़ थाना प्रभारी रहे हैं। वर्ष 2022 में बैंक मोड़ में मुथूट फाइनेंस में अपराधियों ने डाका डालने की कोशिश की थी, तब पीके सिंह ने ही उन डकैतों को एनकाउंटर में मार गिराया था।

2006 में नावाडीह में हुई थी पीके सिंह की पहली पोस्टिंग

पीके सिंह की पहली पोस्टिंग वर्ष 2006 में नावाडीह थाने में हुई थी। पोस्टिंग के दौरान ही उन्होंने कहा था कि वह जहां रहेंगे, अपराधी उनके नाम से थर-थर कांपेंगे। अपने कथन को उन्होंने सच साबित किया। कुछ ही दिनों में अपराधियों के लिए वह खौफ का पर्याय बन गये। कई अपराधियों का उन्होंने एनकाउंटर किया। इसके बाद उनको एनकाउंटर स्पेशलिस्ट कहा जाने लगा।

अपराधियों के लिए काल हैं डीएसपी प्रमोद कुमार सिंह

अपराधियों के लिए काल बन चुके प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पीके सिंह का नाम विवादों से भी जुड़ा। धनबाद के ईस्ट बसुरिया मर्डर केस के पीड़ित लोग जब न्याय और मुआवजे की मांग पर प्रदर्शन कर रहे थे, तब पीके सिंह ने उन पर लाठी चार्ज कर दिया था। हालांकि, प्रदर्शन बिल्कुल शांतिपूर्ण था। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक से की गयी थी।

रायपुर से रांची लाते समय पलामू में हुआ अमन साहू का एनकाउंटर

रायपुर जेल में बंद अमन साहू को रिमांड पर मंगलवार (11 मार्च 2025) को रायपुर से सड़क मार्ग से रांची लाया जा रहा था। इसी दौरान उसने पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश की। उसने एक सिपाही के हाथ से इंसास राइफल भी छीन ली। पुलिस पर गोली भी चलायी। इसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। इसी दौरान डीएसपी पीके सिंह ने अमन साहू को मुठभेड़ में मार गिराया।

होटल में विदेशी युवती की लाश मिलने से हड़कंप

रूसी एंबेसी को दी गई सूचना, युवक की तलाश जारी

एजेंसी । लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विभूतिखंड थाना क्षेत्र स्थित ओयो होटल में रूस की उज्बेकिस्तानी मूल की युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। युवती के साथ दिल्ली का रहने वाला एक युवक सतनाम भी दो मार्च को होटल में आया था, लेकिन पांच मार्च को वह अचानक गायब हो गया।

होटल स्टाफ को संदेह होने पर हुआ खुलासा

मंगलवार को जब होटल स्टाफ ने कमरे की सफाई के लिए दरवाजा खटखटाया, तो कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। बाद में होटल मैनेजर ने मास्टर चाबी से दरवाजा खोला, तो युवती बेसुध अवस्था में मिली। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद युवती को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

युवती के साथ आया युवक संदिग्ध

मृतका की पहचान एगम्बर्डिएवा ज़ेबो खिदीरोबना (43) के रूप में हुई है, जो उज्बेकिस्तान की नागरिक थी। होटल रजिस्टर के अनुसार, वह दिल्ली के सतनाम नामक युवक के साथ 109 नंबर कमरे में ठहरी थी। पुलिस जांच में पता चला कि सतनाम पांच मार्च को होटल छोड़कर चला गया था, जबकि युवती तब से अकेले होटल में रह रही थी।

फॉरेंसिक टीम जुटा रही सबूत

पुलिस को कमरे से कई नशीली दवाइयाँ मिली हैं। फॉरेंसिक टीम ने जांच शुरू कर दी है और कमरे से कई महत्वपूर्ण सुराग जुटाए हैं। चूंकि मामला विदेशी नागरिक से जुड़ा हुआ है, इसलिए रूसी एंबेसी को भी इसकी सूचना दी गई है।

बच्चों की जान से खिलवाड़

नामचीन स्कूलों के 300 वाहनों को RTO ने जारी किया नोटिस

एजेंसी । लखनऊ

राजधानी के प्रसिद्ध निजी स्कूल मनमानी कर रहे हैं। परिवहन विभाग के नियमों का भी मखौल उड़ा रहे हैं। बगैर फिटनेस और परमिट के खतरनाक वाहन संचालित करा रहे हैं, जो कभी भी नौनिहालों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। ऐसे नामचीन स्कूलों के 300 स्कूली वाहनों को लखनऊ आरटीओ ने नोटिस जारी किया है। जल्द से जल्द अपने वाहनों की फिटनेस और परमिट की प्रक्रिया पूरी करने का अल्टीमेटम दिया है, साथ ही जिलाधिकारी को भी ऐसे वाहनों की सूची भेजने की तैयारी है।

25 हजार स्कूली वाहनों के परमिट समाप्त, फिटनेस नहीं



लखनऊ के संभागीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) संजय तिवारी ने बताया कि शहर में ढाई हजार के आसपास स्कूली वाहन संचालित हो रहे हैं, जिनके परमिट समाप्त हो चुके हैं और फिटनेस नहीं है। पहले चरण में 300 स्कूली वाहनों को नोटिस जारी कर जल्द से जल्द वाहनों को दुरुस्त कराकर संचालित करने के लिए कहा गया है। अगर ऐसे वाहन जल्द फिटनेस और परमिट की प्रक्रिया पूरी नहीं करते हैं तो फिर चेकिंग करके इन वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अन्य स्कूली वाहन जो शेष है उन स्कूलों को भी नोटिस भेजकर वाहनों को दुरुस्त कराकर और दस्तावेज पूर्ण करने के बाद ही संचालित करने के लिए कहा जाएगा।

डीएम को भेजेंगे स्कूलों की सूची

आरटीओ संजय तिवारी ने बताया कि स्कूली वाहनों में छोटे-छोटे बच्चे सफर करते हैं। ऐसे में स्कूलों की यह लापरवाही बिल्कुल भी ठीक नहीं है। स्कूली वाहनों से अपने बच्चों को भेजने वाले अभिभावकों से भी अपील है कि वह इन खतरनाक वाहनों से अपने बच्चों को स्कूल न भेजें। कभी भी किसी दुर्घटना की वजह बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि जो स्कूल मानकों का उल्लंघन कर रहे हैं, उनकी सूची लखनऊ के जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। जिससे वे इस तरह के स्कूलों पर भी कड़ा एक्शन ले सकें।

ई रिक्शा पर भी होगी कार्रवाई

आरटीओ संजय तिवारी का कहना है कि शहर में ई रिक्शा की बाढ़ थी आ गई है। ई रिक्शा जाम का सबब बन रहे हैं, साथ ही दुर्घटना का भी बड़ा कारण बन रहे हैं। ज्यादातर ई-रिक्शा की फिटनेस समाप्त हो चुकी है, लेकिन वह फिटनेस कराने आ ही नहीं रहे हैं। एआरटीओ और पीटीओ की टीम लगाकर ऐसे ई रिक्शा को पड़कर बंद करने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। टीमों ने अभियान चलाना शुरू कर दिया है। ई रिक्शा संचालकों को हरहाल में अपने वाहन की फिटनेस करानी होगी, नहीं तो सड़क पर संचालित नहीं होने दिया जाएगा।

केस में फंसाने की धमकी देकर मांगी घूस

एजेंसी । बोकारो

केस में फंसाने की धमकी देकर एक युवक से 10,000 रुपए रिश्वत लेने वाले एएसआई को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी ने मंगलवार (11 मार्च 2025) को यह कार्रवाई की। अजय प्रसाद बोकारो जिले के बेरमो कोयलांचल अंतर्गत गांधीनगर थाना में पदस्थापित हैं। उन्हें मंगलवार की शाम को गिरफ्तार किया गया। एसीबी की टीम एएसआई अजय प्रसाद को अपने साथ धनबाद ले गयी है। जरीडीह बाजार के ऊपर बाजार में रहने वाले अनुराग गुप्ता एएसआई के संडे बाजार स्थित आवास में पैसे देने गये थे। इस दौरान बाहर में एसीबी की टीम निगरानी कर रही थी। जैसे ही अनुराग गुप्ता ने अजय प्रसाद को पैसे दिये, एसीबी की टीम ने पुलिस वाले को धर दबोचा। पूछताछ करने के बाद कागजी प्रक्रिया पूरी की गयी और एसीबी की टीम उन्हें धनबाद ले गयी। गांधीनगर थाना में पहली बार एसीबी के छापे की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है।

बनभूलपुरा हिंसा

22 आरोपियों को हाईकोर्ट से मिली जमानत

एजेंसी । नैनीताल

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा हिंसा में शामिल 22 अभियुक्तों की डिफॉल्ट अपील में दायर जमानत प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने भोला उर्फ सुहैल, जावेद सिद्दकी, जावेद कुरेशी, शाहनवाज, रईश अहमद अंसारी, अब्दुल माजिद, सहित 22 अभियुक्तों को पुलिस द्वारा समय पर चार्जशीट पेश नहीं करने के आधार पर उन्हें डिफॉल्ट का लाभ देते हुए जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने मजिस्ट्रेट के उस आदेश को नियम विरुद्ध माना जिसमें पुलिस को चार्जशीट पेश करने के लिए अतिरिक्त समय दिया गया। जबकि हिंसा के मुख्य आरोपियों की जमानत अभी नहीं हुई है। आज हुई सुनवाई पर इनकी तरफ से कहा गया कि कोर्ट ने पहले साफिया मलिक को जमानत दी। उसके बाद उपद्रव में शामिल अन्य 50 लोगों को जमानत दी गयी। उसी को आधार मानते हुए उन्हें भी जमानत पर रिहा किया जाये।

पिछले साल 8 फरवरी को हुई थी बनभूलपुरा में हिंसा

गौरतलब है कि पिछले साल 8 फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम प्रशासन और पुलिस की टीम पर अतिक्रमणकारियों के साथ ही सैकड़ों की संख्या में उपद्रवियों ने हमला बोल दिया था। इस हिंसा के दौरान आगजनी और फायरिंग की घटना भी हुई थी।

सेंसेक्स 12 अंक गिरकर 74,102 के स्तर पर बंद

एजेंसी । नई दिल्ली

वैश्विक दबाव के बावजूद भारतीय शेयर बाजार ने मंगलवार को निचले स्तर से शानदार रिकवरी की। कारोबार की शुरुआत कमजोर रही, लेकिन दिनभर बाजार में खरीदारी का माहौल बना रहा। अंततः सेंसेक्स मामूली गिरावट के साथ 74,102.32 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 22,497.90 अंक पर हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ।

कुछ सेक्टर मजबूत, कुछ दबाव में

आज के कारोबार में ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में अच्छी खरीदारी देखने को मिली। इसके अलावा कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, हेल्थकेयर और मेटल इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। वहीं, बैंकिंग, आईटी, ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी और टेक सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा।

लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 394.53 लाख करोड़ पहुंचा

निवेशकों को 68 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा

आज के कारोबार के बाद बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 394 .53 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो सोमवार के मुकाबले करीब 68 हजार करोड़ रुपये की बढ़त दर्शाता है।

कैसा रहा बाजार का उतार-चढ़ाव?

सेंसेक्स : 73,743 .88 अंक पर खुला, शुरुआती गिरावट के बाद 74,195 .17 तक गया, लेकिन अंत में 12 .85 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ।

निफ्टी : 22,345 .95 पर खुला, शुरुआती गिरावट के बाद 22,522 .10 तक पहुंचा, लेकिन 37 .60 अंकों की बढ़त के साथ बंद हुआ।

एयरटेल ने मस्क की स्पेसएक्स के साथ साझेदारी की

भारत में स्टारलिंक इंटरनेट सेवाओं का विस्तार

एजेंसी । नई दिल्ली

भारती एयरटेल ने मंगलवार को घोषणा की कि वह अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की उपग्रह कंपनी स्पेसएक्स के साथ साझेदारी कर रही है। इस साझेदारी का उद्देश्य भारत में ग्राहकों को स्टारलिंक की हाई-स्पीड इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराना है।

सौदे की शर्तें और उद्देश्य



यह समझौता स्पेसएक्स को भारत में स्टारलिंक की सैटेलाइट कम्युनिकेशन सेवाएं बेचने की मंजूरी मिलने के अधीन है। बयान के अनुसार, यह साझेदारी एयरटेल और स्पेसएक्स को यह समझने में मदद करेगी कि कैसे स्टारलिंक, एयरटेल की सेवाओं को मजबूत और विस्तारित कर सकती है। इसके अलावा, भारतीय बाजार में एयरटेल की विशेषज्ञता का उपयोग स्पेसएक्स की सीधी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा। भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक और वाइस चेयरमैन गोपाल विट्ठल ने बताया कि इस समझौते के तहत एयरटेल के खुदरा स्टोर्स पर स्टारलिंक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। एयरटेल के माध्यम से व्यावसायिक ग्राहकों को स्टारलिंक सेवाएं दी जाएंगी।

इंडसइंड बैंक का शेयर 27 प्रतिशत टूटा

मुंबई। घरेलू बाजार में इंडसइंड बैंक के विदेशी मुद्रा से जुड़े डेरिवेटिव पोर्टफोलियो यानी वायदा एवं विकल्प खंड में निवेश में कुछ विसंगतियां को लेकर बैंक का शेयर 27 प्रतिशत लुढ़क गया। लगातार पांचवें दिन गिरावट के साथ इंडसइंड बैंक का शेयर नवंबर 2020 के निचले स्तर पर पहुंच गया। एनएसई पर इंडसइंड बैंक का शेयर 27.16 फीसदी गिरकर 655.95 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ। इसने 649 रुपये का निचला स्तर भी बनाया। गौरतलब है कि इंडसइंड बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया था कि उसके वायदा-विकल्प पोर्टफोलियो से संबंधित प्रक्रियाओं की आंतरिक समीक्षा के दौरान, उसने कुछ विसंगतियां पाईं। बैंक ने एक बयान में कहा कि उसने विस्तृत आंतरिक समीक्षा में दिसंबर 2024 तक बैंक की कुल संपत्ति पर लगभग 2.35 प्रतिशत के नकारात्मक प्रभाव का अनुमान लगाया है।

उड़द का शुल्क मुक्त आयात मार्च 2026 तक बढ़ा

नई दिल्ली। सरकार ने उड़द के शुल्क मुक्त आयात को एक और साल के लिए 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया है। पहले यह प्रावधान इस साल मार्च के अंत तक था। म्यामां भारत को उड़द का मुख्य निर्यातक देश है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, उड़द की मुक्त आयात नीति को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया गया है। इस कदम से घरेलू बाजारों में दलहन कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी। भारत, म्यामां के अलावा सिंगापुर, थाईलैंड और ब्राजील से उड़द का आयात करता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा उड़द उत्पादक और उपभोक्ता है।

दुनिया में पायलटों की ट्रेनिंग में सिरमौर बनेगा 'भारत'

10 वर्ष में तैयार होंगे 10,000 पायलट

नई दिल्ली। भारत की पायलट प्रशिक्षण क्षमता को बढ़ावा देने सक्षिथ एयरक्राफ्ट इंडस्ट्री और एयरो क्लब ऑफ इंडिया ने डीए40 एनजी ट्रेनर विमान के निर्माण के लिए की महत्वपूर्ण साझेदारी की है। यह समझौता भारत को दुनिया में पायलटों की ट्रेनिंग के क्षेत्र में सिरमौर बनाने की तरफ ले जाएगा। अगले 10 वर्ष में 10,000 पायलट तैयार होंगे। मंगलवार को एयरो क्लब ऑफ इंडिया और एसएआईपीएल के बीच ऐतिहासिक समझौता हुआ है। इसके तहत एयरो क्लब ऑफ इंडिया को 200 विमान मिलेंगे। यह देश में पहली बार निजी क्षेत्र द्वारा ट्रेनर विमान निर्माण की पहल है।

पहली डिलीवरी मई 2025 तक होने की उम्मीद

पहली डिलीवरी मई 2025 तक होने की उम्मीद है। वार्षिक उत्पादन 100 विमानों तक बढ़ेगा। यह सब 'मेक इन इंडिया' की पहल के अंतर्गत होगा। इस समझौते से विमानन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। दो तीन वर्षों में डायमंड डीए40 एनजी ट्रेनर विमानों को तैयार करने में मामले में देश चालीस फीसदी आत्मनिर्भरता हासिल करेगा। लगभग पांच वर्ष में यह आत्मनिर्भरता 70 फीसदी तक पहुंचेगी। भारत के सबसे बड़े ट्रेनर विमान ऑर्डर से पायलट प्रशिक्षण अवसंरचना को मजबूती मिलेगी। एसीआई फ्लाइट ट्रेनिंग आर्गेनाइजेशंस (एफटीओ) के लिए विमान लीजिंग की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे प्रशिक्षण क्षमता में विस्तार होगा। इससे हजारों नई नौकरियां उत्पन्न होंगी।

गवर्नर मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले नोट होंगे जारी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि वह जल्द ही गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के बैंक नोट जारी करेगा। रिजर्व बैंक ने बयान में कहा, इन नोटों का डिजाइन महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 100 और 200 रुपये के बैंक नोटों के समान है। रिजर्व बैंक द्वारा पहले जारी किए जा चुके 100 और 200 रुपये के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। मल्होत्रा ने दिसंबर, 2024 में शक्तिकान्त दास की जगह आरबीआई गवर्नर का पद संभाला था।

रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ 87.21 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के चार माह के निचले स्तर पर आने के बीच रुपया मंगलवार को भारी गिरावट से उबरकर 10 पैसे की बढ़त के साथ 87.21 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के रुख और अमेरिका में मंदी के डर और व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी के बाहर जाने से स्थानीय मुद्रा में सुधार सीमित रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.37 पर खुला और डॉलर के मुकाबले दिन के निचले स्तर 87.39 तक चला गया। रुपये ने 87.17 के ऊपरी स्तर को भी छुआ और कारोबार के अंत में 87.21 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
मुंबई, बुधवार, 12 मार्च 2025

टी-20 सीरीज

ब्रेसवेल पाक के खिलाफ न्यूजीलैंड के कप्तान

एजेंसी | वेलिंगटन

आईपीएल के करीब होने के कारण न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली पांच मैच की टी-20 मैचों की सीरीज के लिए नियमित रूप से खेलने वाले खिलाड़ियों को विश्राम दिया है। टीम 16 मार्च से शुरू होने वाली इस सीरीज की मेजबानी करेगी। आईपीएल 22 मार्च से शुरू होगा। चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करने माइकल ब्रेसवेल को टीम की कमान सौंपी गई है। नियमित कप्तान मिचेल सेंटनर को विश्राम दिया गया है। ब्रेसवेल के अलावा चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने वाले छह अन्य खिलाड़ियों को भी टीम में जगह दी गई है। कॉन्वे, लॉकी फर्ग्यूसन, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र और सेंटनर आईपीएल में अपनी प्रतिबद्धताओं के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। काइल जैमीसन और विल ओ रर्के को सीरीज के पहले तीन मैचों के लिए शामिल किया गया है।

टीम : माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फॉल्क्स और मैट हेनरी (चौथे, 5वें मैच के लिए), मिच हे, काइल जैमीसन (पहले तीन मैच के लिए), डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, विल ओ रर्के (पहले तीन मैच के लिए), टिम रॉबिंसन, बेन सियर्स, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी।

भारतीय कुश्ती महासंघ का निलंबन हटा

● 15 माह पहले किया गया था निलंबित

एजेंसी | नई दिल्ली

खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पर लगाया गया निलंबन हटा दिया है। इससे खेल में कई महीनों से बनी अनिश्चितता समाप्त होने के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन का रास्ता भी साफ हो गया है। इनमें 25 मार्च से जॉर्डन के अम्मान में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल भी शामिल है। इसके साथ ही मंत्रालय ने इसका राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) का दर्जा बहाल कर दिया।

एनएसएफ दर्जा बहाल

निर्देशों का करना होगा पालन

मंत्रालय ने हालांकि डब्ल्यूएफआई से कुछ निर्देशों का पालन करने को कहा है जैसे कि यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्वाचित पदाधिकारियों के बीच शक्ति संतुलन बना रहे तथा वह स्वयं को निलंबित या बर्खास्त किए गए अधिकारियों से अलग रखे। मंत्रालय ने कहा, कार्यकारी परिषद को चार सप्ताह के अंदर हलफनामा देना होगा। सभी प्रतियोगिताओं के लिए चयन खेल संहिता के प्रावधानों और यूडब्ल्यूडब्ल्यू (कुश्ती की अंतरराष्ट्रीय संचालन संस्था) द्वारा जारी नियमों के साथ स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से किया जाना चाहिए।

सुधारात्मक कदम उठाए

मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि डब्ल्यूएफआई ने सुधारात्मक कदम उठाए हैं और इसलिए खेल और खिलाड़ियों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने निलंबन हटाने का फैसला किया है। कुश्ती महासंघ ने सुधार के लिए जो आवश्यक उपाय किए उससे मंत्रालय संतुष्ट था। उसके अलावा उसने इस पर भी गौर किया कि एक अदद संस्था नहीं होने के कारण 2026 में होने वाले एशियाई खेलों और 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में भारतीय पहलवानों की पदक की संभावना प्रभावित हो सकती है। इन सब कारणों को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने निलंबन वापस लेकर डब्ल्यूएफआई का राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) का दर्जा बहाल कर दिया।

पीसीबी ने आईसीसी से मांगा स्पष्टीकरण

▸▸ चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में अनदेखी पर जताई आपत्ति

एजेंसी | कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के समापन समारोह में अपने प्रतिनिधि को मंच पर नहीं बुलाए जाने को लेकर औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। पीसीबी के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि बोर्ड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से आधिकारिक स्पष्टीकरण का इंतजार कर रहा है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब पीसीबी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) और टूर्नामेंट निदेशक सुमैर अहमद को फाइनल मैच के पुरस्कार वितरण समारोह में मंच पर नहीं बुलाया गया। पीसीबी अधिकारी ने कहा कि हमारे सीओओ और टूर्नामेंट निदेशक को मंच पर नहीं बुलाने के जो कारण बताए जा रहे हैं, वे हमारे लिए स्वीकार्य नहीं हैं। हम इस मुद्दे पर औपचारिक स्पष्टीकरण या माफी का इंतजार कर रहे हैं।

आईसीसी के स्पष्टीकरण को बताया अतार्किक

पीसीबी ने आईसीसी को पहले ही सूचित कर दिया था कि पुरस्कार वितरण समारोह में सुमैर अहमद उपस्थित रहेंगे। इसके बावजूद उन्हें नजरअंदाज किया गया। आईसीसी का तर्क है कि पुरस्कार वितरण समारोह में केवल सीईओ, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष या सचिवों को ही आमंत्रित किया जाता है। इस पर आपत्ति जताते हुए पीसीबी अधिकारी ने कहा कि यह पूरी तरह से अतार्किक है। सुमैर अहमद ने फाइनल के बाद बीसीसीआई सचिव जय शाह और अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर भारत की जीत पर उन्हें बधाई भी दी थी।

न्यूज़ ब्रीफ

पोली, ब्री और फ्लोरा न्यूजीलैंड टीम में

एजेंसी | वेलिंगटन

न्यूजीलैंड की महिला टीम ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों टी-20 सीरीज के लिए चोटिल इसाबेला गेज, हेले जेनसन और बेला जेम्स के स्थान पर विकेटकीपर बल्लेबाज पोली इंगलिस, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ब्री इलिंग और ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर को टीम में शामिल किया है। सीरीज का पहला मैच 14 मार्च, दूसरा 16 मार्च और तीसरा 18 मार्च को खेला जाएगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि गेज को वनडे सीरीज के तीसरे मैच में चोट लगी थी। जेन्सन और जेम्स दोनों को सीरीज से पहले ही चोट लग गई थी और वे अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हो पाई हैं।

भांबरी और आंद्रे की जोड़ी इंडियन वेल्स के अंतिम-16 में

एजेंसी | कैलिफोर्निया



भारत के युकी भांबरी ने स्वीडन के अपने जोड़ी आंद्रे गोरांसन के साथ मिलकर इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया। भांबरी और आंद्रे की जोड़ी ने सोमवार को खेले गए मुकाबले में जान जिलिंस्की और बेल्जियम के सैंडर गेल को पहला सेट गंवाने के बाद 3-7, 7-6, 10-8 से पराजित किया।

ऑलराउंडर रैंकिंग : केर को पछाड़ दीप्ति शीर्ष पांच में

एजेंसी | दुबई

भारत की दीप्ति शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर रैंकिंग की नवीनतम सूची में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को पछाड़कर एक स्थान के फायदे से शीर्ष पांच में पहुंच गई हैं। भारत की 27 वर्षीय ऑलराउंडर दीप्ति 344 अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर शीर्ष पर काबिज हैं।

मंधाना शीर्ष 10 में अकेली भारतीय बल्लेबाज

दीप्ति टी-20 ऑलराउंडर रैंकिंग में तीसरे जबकि वनडे अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं। वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में स्मृति मंधाना शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। वह दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। नैट शिवर ब्रंट तीसरे स्थान पर हैं। श्रीलंका की शीर्ष ऑलराउंडर चामरी अटापट्टू न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल में संपन्न सीरीज के बाद दो स्थान के फायदे से ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर है। न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज 2-0 से जीती थी जिसमें अटापट्टू ने 25 रन बनाने के अलावा तीन विकेट लिए थे।

ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन > पहले दौर में प्रणय बाहर, फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव ने हराया

एजेंसी | बर्मिंघम

भारत के एचएस प्रणय ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। 32 वर्षीय प्रणय को फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव ने 53 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 16-21 से हरा दिया।

प्रणय ने अच्छी शुरुआत की थी

विश्व चैंपियनशिप 2023 और एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीत चुके प्रणय ने अच्छी शुरुआत की थी और 6-1 की बढ़त बना ली थी। वह पहले गेम में 15-12 से आगे थे, लेकिन पोपोव ने 16-18 के स्कोर पर लगातार तीन अंक लेकर 19-18 की बढ़त बना ली और पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में फ्रांस के खिलाड़ी का आत्मविश्वास बढ़ा दिखा। उन्होंने 5-3 और फिर 13-9 की बढ़त बनाई। प्रणय ने 13-13 पर बराबरी कर ली, लेकिन पोपोव ने धैर्य रखते हुए गेम और मैच जीत लिया।

रैंकिंग में गिरावट, शीर्ष 10 में कोई भारतीय नहीं

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रांकीरेड्डी व चिराग शेट्टी बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में पांच-पांच स्थान नीचे खिसक गए हैं। लक्ष्य सेन, जो पहले छठे स्थान पर थे, अब 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, सात्विक और चिराग की जोड़ी पिछले सप्ताह सातवें स्थान से 12वें स्थान पर खिसक गई है। यह जोड़ी नवंबर 2021 के बाद पहली बार शीर्ष 10 से बाहर हुई है। महिला एकल में पीवी सिंधु एक स्थान गिरकर 16वें स्थान पर पहुंच गईं। हालांकि, त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी नौवें स्थान पर बनी हुई है, जिससे भारत का युगल स्पर्धा में शीर्ष 10 में प्रतिनिधित्व बरकरार है। मिश्रित युगल में तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 19वीं रैंकिंग हासिल की, जबकि आयुष शेट्टी ने पांच पायदान की छलांग लगाकर 43वीं रैंकिंग पर जगह बनाई।

मुंबई के मैदानों से

लगातार तीसरी बार चैंपियन पंकज

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

खिताबी मुकाबले में 2-6 से पिछड़ने के बाद भी पंकज अडवाणी ने अपने अनुभव और शानदार खेल की बदौलत ईशप्रीत सिंह चड्ढा को 15-57, 26-101, 18-75, 100-25, 36-93, 118-0, 59-68, 45-77, 64-47, 93-72, 70 -60, 75-32, 73-32, 75-47 से पराजित करके अखिल भारतीय सीसीआई स्नूकर क्लासिक में लगातार तीसरी बार चैंपियन होने का गौरव हासिल किया। उत्साह से भरे हुए ईशप्रीत सिंह चड्ढा ने अपने से मजबूत खिलाड़ी पंकज के खिलाफ पहले तीन फ्रेम में जीत हासिल करके जोरदार शुरुआत की, लेकिन उसके पंकज के खेल में निखार आता गया और वे सीसीआई स्थित विल्सन जोन्स बिलियड्र्स हॉल में अपना परचम फहराने में सफल रहे।

विक्टरी क्रिकेट क्लब चैंपियन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

विक्टरी क्रिकेट क्लब ने फाइनल में राजावाड़ी क्रिकेट क्लब को दस विकेट के भारी अंतर से पराजित करके एमसीए प्रेसिडेन्ट कप ए एंड बी डिवीजन के खिताब पर कब्जा कर लिया। ठाणे के दादोजी कोंडदेव स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजावाड़ी क्रिकेट क्लब की टीम निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट गवांकर 103 रन ही बना सकी। 33 रन बनाने वाली तुशी शाह ने अपनी टीम की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं, जबकि विक्टरी क्रिकेट क्लब के लिए नियति जगताप और अलीना खान ने दो-दो विकेट चटकाये। इसके जवाब में सारिका कोली की (नाबाद 61 रन) की अगुवाई में विक्टरी क्रिकेट क्लब ने 15.4 ओवरों में 107 रन बनाकर खिताब को अपने नाम कर लिया।

आमिर खान और रणबीर कपूर पहली बार आए साथ

आलिया भट्ट ने किया ऐलान

आमिर खान और रणबीर कपूर आखिरकार साथ आ गए हैं। कहा जा रहा है कि दोनों ने एक विज्ञापन के लिए हाथ मिलाया है। यह पहला मौका है, जब दोनों अभिनेता पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। आलिया भट्ट ने खुद इसका खुलासा किया है। अभिनेत्री ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर साझा किया है, जिसमें आमिर और रणबीर साथ दिख रहे हैं। इस विज्ञापन में आमिर और रणबीर एक-दूजे के आमने-सामने होंगे। दोनों एक-दूजे से भिड़ते नजर आएंगे।

आमने-सामने दिखे आमिर और रणबीर

आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें वह पोस्टर पकड़े नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा, ₹मैं आप सभी को यह दिखाने का इंतजार कर रही थी। मेरे दो पसंदीदा अभिनेता साथ में दिखेंगे। एक-दूसरे के आमने-सामने।' आलिया ने कैप्शन में लिखा, 'सर्वश्रेष्ठ की लड़ाई। मेरे दो पसंदीदा अभिनेता एक-दूसरे के खिलाफ। कुछ बेहद रोमांचक जानकारी के लिए साथ बने रहिए। मुझे पता है कि आपको भी यह पोस्टर उतना ही पसंद आएगा जितना मुझे आया।'

नितेश तिवारी करेंगे निर्देशन

आलिया ने जो पोस्टर शेयर किया है, उसमें आमिर और रणबीर की तस्वीरों के साथ 'अल्टीमेट ब्लॉकबस्टर' है। साथ ही निर्देशक के रूप में नितेश तिवारी का नाम है। आलिया ने कैप्शन में हैशटैक के साथ एड भी लिखा है। ऐसे में प्रशंसक जानना चाहते हैं कि क्या दोनों किसी फिल्म के लिए साथ आए हैं या विज्ञापन के लिए। इस परियोजना से जुड़ी अधिक जानकारी आलिया कल यानी 12 मार्च को साझा करेंगी।

गन्स एन' रोजेस भारत में धूम मचाने को तैयार

अगर आप गन्स एन' रोजेस के प्रशंसक हैं, तो आपके लिए एक खुशखबरी है। दरअसल, मशहूर रॉक बैंड गन्स एन' रोजेस करीब 12 साल बाद भारत में अपना कॉन्सर्ट करने जा रहा है। गन्स एन' रोजेस ने हाल ही में अपने भारत दौरे का ऐलान किया है। यह बैंड 17 मई, 2025 को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में परफॉर्म करेगा। यह भारत में उनका दूसरा कॉन्सर्ट है। इससे पहले गन्स एन' रोजेस 2012 में भारत में धूम मचा चुका है।

कब बुक कर पाएंगे टिकट?

गन्स एन' रोजेस का कॉन्सर्ट कोटक महिंद्रा बैंक द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। इसे बुकमायशो लाइव और लाइव नेशन ने प्रोड्यूस किया है। इस शो के टिकट की बात करें तो कोटक महिंद्रा बैंक के ग्राहकों के लिए 17 मार्च दोपहर 12 बजे से बुकमायशो पर प्री-सेल टिकट मिलेंगे, जबकि सभी प्रशंसकों के लिए टिकट बिक्री 19 मार्च शाम 4 बजे से शुरू होगी। भारत में गन्स एन' रोजेस के लाखों प्रशंसक हैं, जो कॉन्सर्ट को लेकर उत्साहित हैं।

निर्देशक शंकर को मिली राहत

संपत्ति जब्त करने पर लगी अंतरिम रोक

मद्रास हाईकोर्ट से साउथ के मशहूर फिल्म निर्देशक शंकर के लिए एक बड़ी राहत की खबर आई है। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी, जिसमें शंकर की चल और अचल संपत्तियों को फ्रीज किया गया था। यह मामला उनकी सुपरहिट फिल्म 'एंथिरन' से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा है। शंकर की फिल्म 'एंथिरन' में रजनीकांत और ऐश्वर्या राय मुख्य भूमिकाओं में थे। इस फिल्म को हिंदी में 'रोबोट' के नाम से भी जाना जाता है। इस फिल्म से जुड़े एक विवाद के चलते ईडी ने शंकर की 11.10 करोड़ रुपये की संपत्ति को फ्रीज कर दिया था। हालांकि, अब हाईकोर्ट के फैसले से शंकर को अस्थाई राहत मिल गई है। कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि जब इस मामले से जुड़ी एक निजी शिकायत पर पहले ही रोक लग चुकी है तो संपत्ति फ्रीज करने की कार्रवाई सही नहीं ठहरती। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा, ₹जब निजी शिकायत पर रोक लगाई जा चुकी है तो निर्देशक की संपत्ति को फ्रीज करना उचित नहीं है।

पेरिस फैशन वीक में दिखा दीपिका का जलवा

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने कुछ महीने पहले एक प्यारी बच्ची को जन्म दिया। लड़की का नाम दुआ रखा गया। बेटी के जन्म के बाद दीपिका अब फिर से फिट हो गई हैं। उन्होंने पेरिस फैशन वीक की तस्वीरें अपलोड की हैं। उन्होंने बेहद स्टाइलिश लुक में एफिल टावर के सामने फोटोशूट कराया है। इस पर रणवीर सिंह की कमेंट ने ध्यान खींचा है।

दीपिका पादुकोण हाल ही में लुई वुइटन पेरिस फैशन वीक में शामिल हुईं, जहां उनका लुक बेहद स्टाइलिश और आकर्षक नजर आया। उन्होंने सफेद ओवरसाइज्ड ब्लेज़र, ब्रिटिश स्टाइल की टोपी, काली लेगिंग और हील्स के साथ अपने लुक को क्लासी टच दिया। दीपिका का यह फोटोशूट एक छत पर हुआ, जहां बैकग्राउंड में एफिल टॉवर साफ नजर आ रहा था। दीपिका की इस पोस्ट पर फैन्स ने कमेंट्स की बौछार कर दी है, लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान उनके पति रणवीर सिंह के कमेंट ने खींचा। रणवीर ने मजाकिया अंदाज में लिखा, ₹भगवान मुझ पर दया करें।₹ मां बनने के बाद दीपिका बहुत कम सार्वजनिक जगहों पर नजर आती हैं, क्योंकि वह फिलहाल मातृत्व का भरपूर आनंद ले रही हैं। रणवीर और दीपिका ने अब तक अपनी बेटी की झलक प्रशंसकों को नहीं दिखाई है, जिससे फैन्स की उत्सुकता और भी बढ़ गई है।

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

न्यूज़ ब्रीफ

लोकसभा में पेश हुआ अप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में आप्रवासन और विदेशी नागरिकों के भारत में आने से संबंधित प्रावधान वाला विधेयक पेश किया। विपक्ष के कुछ सदस्यों के विरोध के बीच गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने 'अप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक, 2025' पेश किया गया।

कठुआ में दो लड़के लापता

जम्मू। कठुआ जिले में पांच मार्च को शादी समारोह से लौट रहे तीन लोगों की हत्या के बाद मंगलवार को दो लड़कों के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दीन (15) और रहमत अली (12) भंबरवान में बकरी फार्म के पास मवेशी चराने गए थे, लेकिन घर वापस नहीं लौटे।

अयोध्या में एक साल में बनेगा राम मंदिर संग्रहालय

अयोध्या। श्री राम मंदिर परिसर में भगवान राम के जीवन को दर्शाने वाला संग्रहालय एक साल के भीतर चालू हो जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि हमने एक कंपनी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं जो संग्रहालयों में इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक पर काम करेगी। उन्हें एक स्क्रिप्ट की जरूरत है जिसके आधार पर वे बताएंगे कि इमर्सिव तकनीक, कलाकृतियां आदि कैसे और कहां की जाएंगी। इस प्रक्रिया में करीब दो महीने लगेंगे। इसके बाद हम गैलरी के निर्माण के लिए टेंडर जारी करेंगे। कुल मिलाकर संग्रहालय को चालू होने में एक साल लगेगा।

प.बंगाल से फर्जी वीजा मामले में आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने ग्रीस का फर्जी वीजा बनवाने के आरोप में रविवार को पश्चिम बंगाल से संजीव कुमार राउत को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 16 फरवरी को पंजाब निवासी शरणजीत सिंह (20) मिस्र के रास्ते ग्रीस जाने के लिए आईजीआई एयरपोर्ट पर पहुंचा था। इमिग्रेशन क्लीयरेंस के दौरान अधिकारियों ने उसके पासपोर्ट पर ग्रीस का फर्जी वीजा देखा। पूछताछ करने पर सिंह ने खुलासा किया कि उसने अपनी यात्रा के लिए गौरा नाम के एक अन्य एजेंट के जरिए राउत को 12.5 लाख रुपये दिए थे। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई) उषा रंगनानी ने बताया कि पुलिस टीम ने पश्चिम बंगाल के हुगली में राउत के बारे में जानकारी हासिल की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह 2014 से एजेंट के तौर पर काम कर रहा है और लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने का झूठा वादा कर उन्हें फंसाता है। उसने

365 दिन में 728 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में विमानों को बम से उड़ाने की धमकी भरी कॉल की संख्या बढ़ती जा रही है। 2020 में विमान कंपनियों को महज 4 कॉल मिली थी। साल 2021 में 2 कॉल आई, 2022 में 13 कॉल, 2023 में 71 कॉल, 2024 में 728 कॉल और 2025 में 15 धमकी भरी कॉल मिली हैं। 2020 से लेकर अभी 833 से ज्यादा धमकियां मिली हैं। गत वर्ष सबसे ज्यादा धमकी भरी कॉल 216 'इंडिगो' को दी गई हैं। एयर इंडिया को 179 और विस्तारा को 153 धमकी भरी कॉल मिली हैं। साल 2023 में अमेरिकन एयरलाइन, इजिप्ट एयरलाइन, लुफ्थांसा एयरलाइन और स्विस एयर को भी एक-एक धमकी भरी कॉल दी गई है।

▶▶ इंडिगो को 216 तो एयर इंडिया को 179 कॉल

▶▶ गैर कानूनी हस्तक्षेप को रोकने की सलाह

साल : 2025	धमकी
एयर इंडिया	4
इंडिगो	7
मालिंडो	1
अमेरिकन एयरलाइन	1
लुफ्थांसा एयरलाइन	2

साल : 2024	धमकी
इंडिगो	216
स्पाइस जेट	35
एयरोफ्लोट	1
अकासा	72
विस्तारा	153
एयर इंडिया	179
एयर इंडिया एक्सप्रेस	19
अमीरात	5
एयर अरेबिया	3
स्टार एयर	14
एलाइंस एयर	26
एयर कनाडा	1
कैथे पैसिफिक	1
इतिहाद	1
नोक एयर	1
थाई लायन एयर	1

संसद में उठा मामला

- राज्यसभा सदस्य डॉ. वी. शिवादासन ने संसद सत्र में सोमवार को धमकी भरी कॉल को लेकर सवाल पूछा था। वर्ष 2020 से लेकर अभी तक विमान कंपनियों को मिली धमकी भरी कॉल की संख्या कितनी है। धमकियों के कारण हवाई यातायात में व्यवधान के कारण यात्रियों को होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए सरकार ने क्या उपाय किए हैं। नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 2020 से एयरलाइन ऑपरेटरों को कुल 833 फर्जी बम धमकियां मिली हैं।

सरकार की कार्रवाई और सुरक्षा उपाय

- बीसीएएस ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों, केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों, सीआईएसएफ और हितधारकों के समन्वय में ऐसे खतरों से निपटने के लिए सुदृढ़ प्रोटोकॉल अनिवार्य किया है। इससे उड़ान प्रचालन पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है। ऐसे खतरों से निपटने के लिए बम धमकी आकस्मिक योजना (बीटीसीपी), एक विस्तृत आकस्मिक योजना है। बीटीसीपी के एक हिस्से के रूप में, प्रत्येक हवाई अड्डे पर एक नामित बम धमकी आकलन समिति 'बीटीएसी', होती है, जो खतरे का विश्लेषण करती है। यह समिति कार्रवाई भी करने का अधिकार रखती है। फर्जी बम धमकियों से निपटने के लिए, बीसीएएस ने देश के सभी नागर विमानन हितधारकों को सुव्यवस्थित सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने और नागर विमानन में किसी भी गैर कानूनी हस्तक्षेप को रोकने के

यूक्रेन के बाद भारत दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक

फ्रांस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार निर्यातक

वैश्विक थिंक-टैंक की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

एजेंसी | नई दिल्ली

यूक्रेन 2020-24 के दौरान दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन गया। 2015-19 के मुकाबले इस अवधि में यूक्रेन ने अपने हथियार आयात में करीब 100 गुना वृद्धि की। इसी अवधि में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक बना। यूक्रेन फरवरी 2022 से रूस के साथ युद्ध में है, जबकि भारत को पड़ोसी चीन और पाकिस्तान से खतरों का सामना है। स्वीडन स्थित वैश्विक थिंक टैंक स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2020-24 के दौरान यूक्रेन ने वैश्विक हथियार आयात का 8.8 फीसदी हिस्सा हासिल किया। रूस के आक्रमण के बाद यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति करने वाले देशो में अमेरिका (45 फीसदी), जर्मनी (12 फीसदी) और पोलैंड (11 फीसदी) शामिल हैं।

यूरोप के हथियार आयात में 155 फीसदी वृद्धि

सिपरी के मुताबिक, भारत 2020-24 में हथियार आयात के मामले में दूसरे स्थान पर रहा। इस अवधि में मुख्य रूप से रूस से हथियारों का आयात हुआ। हालांकि, रूस से हथियारों का आयात घटकर 38 फीसदी हो गया, जो पहले 2015-19 में 55 फीसदी था। रिपोर्ट के मुताबिक, यूरोपीय देशों ने रूस के आक्रमण के बाद अपने सैन्य बलों को मजबूत किया और यूरोप में हथियार आयात में 155 फीसदी वृद्धि देखी गई।

शीर्ष 10 हथियार निर्यातक की सूची से बाहर चीन

बताया गया कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका का हथियार निर्यात 43 फीसदी रहा। रूस का हथियार निर्यात 64 फीसदी घटा। सिपरी ने बताया कि चीन 2020-24 की अवधि के दौरान शीर्ष 10 हथियार निर्यातक देशों की सूची से बाहर हो गया।

चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और मजबूत बनाने की पहल

चुनाव आयोग ने सियासी दलों को दिया बैठक का न्योता

एजेंसी | नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने चुनावी प्रक्रियाओं में सुधार के लिए सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों को बैठक के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने राजनीतिक दलों के अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात का प्रस्ताव दिया है, ताकि चुनाव कानूनों को और मजबूत बनाया जा सके।

मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोपों के बीच चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों से सुझाव मांगे हैं। राजनीतिक दलों को भेजे पत्र में 30 अप्रैल तक किसी भी अनसुलझे मुद्दे पर अपने सुझाव देने को कहा गया है। ये मुद्दे चुनावी पंजीकरण अधिकारियों, जिला चुनाव अधिकारियों और मुख्य चुनाव अधिकारियों के स्तर पर हो सकते हैं। आयोग ने राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (CEO) और जिला चुनाव अधिकारियों (DEO) को भी निर्देश दिया है।

चुनाव कानून को मजबूत करने पर फोकस

चुनाव आयोग ने अपने पत्र में बताया कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक पंजीकरण नियम 1960 और चुनाव संचालन नियम 1961 के तहत एक मजबूत और पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया बनी हुई है। आयोग ने राजनीतिक दलों से इस विकेंद्रीकरण तंत्र का सक्रिय उपयोग करने का अनुरोध किया है।

संसद में भी उठा मतदाता सूची में गड़बड़ी का मुद्दा

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मतदाता सूची में गड़बड़ी के मुद्दे पर चर्चा की मांग की। तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने चुनाव आयोग पर निष्पक्षता पर सवाल उठाए और कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पारदर्शी चुनाव कराने में आयोग विफल रहा है।

क्या कहता है चुनाव आयोग?

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राज्यों के चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे 31 मार्च तक रिपोर्ट पेश करें। आयोग का कहना है कि चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सभी हितधारकों से सुझाव लिए जाएंगे और आवश्यक सुधार किए जाएंगे।

कर्नाटक ने पर्यटकों को लेकर जारी किए निर्देश

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए होमस्टे, रिसॉर्ट और होटलों के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत, पर्यटकों को दूरस्थ स्थानों या जंगली क्षेत्रों में ले जाने से पहले पुलिस या वन विभाग की अनुमति लेना अनिवार्य होगा। 6 मार्च को कोप्पल जिले में एक इस्राइली समेत दो महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म और एक पर्यटक की हत्या का मामला सामने आया था। घटना के बाद कर्नाटक सरकार ने मंगलवार को नए नियम लागू करने का आदेश दिया। जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य भर के पर्यटन स्थलों पर स्थित 'होमस्टे' और होटलों को विदेशी पर्यटकों समेत सभी आगंतुकों के लिए उचित सुरक्षा उपाय लागू करने होंगे। आदेश में स्पष्ट किया गया कि यदि पर्यटकों को पुलिस या वन विभाग की पूर्वानुमति के बिना दूरदराज के स्थानों, बाहरी इलाकों या जंगली क्षेत्रों में ले जाया जाता है।

दो मुस्लिम संगठनों पर केंद्र सरकार की बड़ी कार्रवाई

AAC और JKIM पर 5 साल का प्रतिबंध

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के दो प्रभावशाली मुस्लिम संगठनों अवामी एक्शन कमेटी (AAC) और जम्मू-कश्मीर इत्तेहादुल मुस्लिमीन (JKIM) – पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। AAC के प्रमुख मिरवाइज उमर फारूक और JKIM के नेता मसरूर अब्बास अंसारी पर देश-विरोधी गतिविधियों, आतंकवाद के समर्थन और अलगाववाद को बढ़ावा देने के आरोप हैं।



आतंकवाद और अलगाववाद फैलाने के आरोप

गृह मंत्रालय का नोटिफिकेशन

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि AAC और JKIM अवैध गतिविधियों में लिप्त हैं। इन संगठनों की गतिविधियां भारत की अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा के लिए खतरा हैं। इन्हें आतंकवाद और अलगाववादी गतिविधियों का समर्थन करने के लिए धन जुटाने का दोषी पाया गया है मंत्रालय ने अवैध गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत इन संगठनों को पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।

कौन हैं मिरवाइज उमर फारूक और मसरूर अब्बास अंसारी?

मिरवाइज उमर फारूक कश्मीर के सबसे बड़े धार्मिक नेताओं में से एक और ऑल पार्टीज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष हैं। श्रीनगर की प्रसिद्ध जामिया मस्जिद के मुख्य धार्मिक नेता भी हैं। वहीं मसरूर अब्बास अंसारी शिया समुदाय के प्रमुख नेता और ऑल पार्टीज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ सदस्य हैं।

नौकरशाह जमीनी लोकतंत्र को विफल नहीं कर सकते : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी | नई दिल्ली/मुंबई

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि नौकरशाहों को जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को विफल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले की एक महिला सरपंच को बहाल करने के बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए नौकरशाहों की भूमिका पर कड़ी टिप्पणी की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि राज्य में कई मामलों में नौकरशाहों द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं सामने आई हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हमने दो-तीन मामलों में देखा है कि अधिकारी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। यह प्रवृत्ति महाराष्ट्र में अधिक देखी जाती है। ऐसे नौकरशाहों को जमीनी लोकतंत्र को कमजोर करने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

महाराष्ट्र में महिला सरपंच को बहाल करने के हाईकोर्ट के फैसले पर मुहर

हाईकोर्ट का फैसला

बॉम्बे हाईकोर्ट ने कलेक्टर के आदेश को अवैध करार देते हुए कोकले को बहाल किया। कोर्ट ने कहा कि ग्राम पंचायत अधिनियम की धारा 29 में इस्तीफा वापस लेने का स्पष्ट प्रावधान नहीं है, लेकिन कोई भी सदस्य अपनी इच्छा से इस्तीफा वापस ले सकता है। कोकले का इस्तीफा पहले ही वापस लिया जा चुका था, इसलिए कलेक्टर का आदेश गलत था।

क्या था मामला?

फरवरी 2021 में रायगढ़ जिले के ऐंघार ग्राम पंचायत में हुए चुनाव में कलावती राजेंद्र कोकले सरपंच चुनी गई थीं। कुछ समय बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया, लेकिन 15 मार्च 2024 को वापस ले लिया और संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना दी। रायगढ़ कलेक्टर ने 7 जून 2024 को उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

नौकरशाही को 'सुप्रीम' संदेश

- नौकरशाह निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से ऊपर नहीं हैं
- ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों को स्वतंत्र रूप से काम करने दिया जाए
- अधिकारियों को राजनीति से प्रेरित होकर फैसले लेने से रोका जाए

केजरीवाल को कोर्ट से बड़ा झटका

5 साल पुराने मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को झटका देते हुए होर्डिंग लगाने के लिए कथित तौर पर पब्लिक मनी के दुरुपयोग के मामले में FIR दर्ज करने आदेश दे दिया है. बताया जा रहा है कि होली के बाद केजरीवा और अन्य के खिलाफ FIR दर्ज की जाएगी. राउज एवेन्यू कोर्ट ने साल 2019 में द्वारका में बड़े होर्डिंग लगाकर कथित तौर पर सार्वजनिक धन का दुरुपयोग करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ FIR दर्ज करने की मांग करने वाली याचिका पर फैसला सुनाते हुए एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया है. कोर्ट ने अपने आदेश में ये स्पष्ट किया कि केजरीवाल और पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला बनता

राज्यसभा में खड़गे के 'ठोकेंगे' बयान पर हंगामा

जेपी नड्डा ने जताई आपत्ति, माफी की मांग पहली

एजेंसी | नई दिल्ली

बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 'ठोकेंगे' वाले बयान को लेकर भारी हंगामा हुआ। उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह द्वारा खड़गे को बोलने से रोकने पर उन्होंने यह टिप्पणी की, जिसके बाद सत्तारूढ़ दल के सदस्यों ने आपत्ति जताई। डिप्टी चेयरमैन ने जब दिग्विजय सिंह को बोलने का मौका दिया, तब मल्लिकार्जुन खड़गे बीच में बोलने लगे। इस पर हरिवंश ने उन्हें रोकते हुए कहा कि वे पहले ही सुबह बोल चुके हैं।

शब्द को सदन की कार्यवाही से हटाने की मांग

- राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने खड़गे के इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि नेता विपक्ष की ओर से आसन (डिप्टी चेयरमैन) के लिए इस तरह की भाषा किसी भी रूप में स्वीकार नहीं है। उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने उपसभापति से 'ठोकेंगे' शब्द को सदन की कार्यवाही से हटाने की मांग की।

रान्या राव की मुश्किलें बढ़ीं

कर्नाटक सरकार ने प्रोटोकॉल विशेषाधिकार के दुरुपयोग की जांच के आदेश दिए

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक सरकार ने कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव द्वारा वीआईपी प्रोटोकॉल के कथित दुरुपयोग की जांच के आदेश दिए हैं। 3 मार्च को दुबई से अमीरात एयरलाइंस के जरिए बेंगलुरु पहुंची रान्या को राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) ने 12 करोड़ रुपये कीमत के 14.8 किलोग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया था। सरकार ने इस मामले की जांच के लिए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और अतिरिक्त मुख्य सचिव गौरव गुप्ता को नियुक्त किया है। उन्हें एक सप्ताह के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। इस जांच में अभिनेत्री के सौतेले पिता के रामचंद्र राव की संलिप्तता की भी जांच होगी।



वीआईपी प्रोटोकॉल का गलत इस्तेमाल

रान्या राव पर आरोप है कि उन्होंने वीआईपी प्रोटोकॉल विशेषाधिकारों का उपयोग किया, जो आमतौर पर वरिष्ठ अधिकारियों को मिलते हैं। इसके जरिए उन्होंने सुरक्षा जांच से बचकर कथित तौर पर सोने की तस्करी करने की कोशिश की।

कर्नाटक विधानसभा में उठा मामला

यह मुद्दा कर्नाटक विधानसभा में भी उठा, जहां विपक्षी दलों ने रान्या राव के संपर्क में रहे दो मंत्रियों के नाम उजागर करने की मांग की। विपक्ष ने इस मामले की गहन जांच और मंत्रियों की संलिप्तता की जांच पर जोर दिया। गृह मंत्री जी परमेश्वर ने विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार को मामले की विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है क्योंकि DRI ने कोई विवरण साझा नहीं किया है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें मामले को CBI को सौंपने की कोई जानकारी नहीं है।

साइबर फ्रॉड

540 भारतीयों को बचाया गया

भारतीय वायुसेना का विमान 283 नागरिकों को लेकर दिल्ली पहुंचा

एजेंसी | नई दिल्ली

साइबर क्राइम नेटवर्क में फंसकर बंधक बने 540 भारतीय नागरिकों को थाईलैंड और अन्य देशों से सुरक्षित बाहर निकाला गया है। 283 नागरिकों को लेकर भारतीय वायुसेना का एक विशेष विमान सोमवार को दिल्ली पहुंचा। बचाव अभियान के तहत दूसरा विमान आज थाईलैंड के माई सोत से शेष को वापस लाएगा।

फर्जी नौकरी का लालच बना जाल

विदेश मंत्रालय के अनुसार, इन नागरिकों को फर्जी नौकरी के ऑफर के जरिए लालच देकर थाईलैंड, कंबोडिया, लाओस और म्यांमार ले जाया गया था। वहां उन्हें साइबर धोखाधड़ी में लिप्त फर्जी कॉल सेंटरों में जबरन काम कराया जा रहा था। इनमें से 42 पीड़ित आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के रहने वाले हैं। म्यांमार और थाईलैंड में भारतीय दूतावासों ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर इन नागरिकों को बचाने की योजना बनाई। म्यांमार सरकार ने बंधकों को छुड़ाने के लिए अपनी सेना को तैनात किया और सभी भारतीयों को थाईलैंड के माई सोत शहर शिफ्ट किया, जहां से उन्हें वायुसेना के विमानों से भारत लाया गया।

गोल्डन ट्राइएंगल: साइबर अपराध का केंद्र

- थाईलैंड, लाओस और म्यांमार की सीमाओं से घिरा दक्षिण-पूर्व एशिया का "गोल्डन ट्राइएंगल" इलाका साइबर अपराध का केंद्र बन चुका है। यहां से संचालित फर्जी कॉल सेंटरों के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइबर धोखाधड़ी की जाती है।

तेलंगाना के मधुकर रेड्डी भी थे शिकार

- इस जाल में तेलंगाना के करीमनगर जिले के मधुकर रेड्डी भी फंस गए थे। उनके पिता ने केंद्रीय मंत्री बंडी संजय से मदद मांगी, जिन्होंने विदेश मंत्रालय को सूचना दी। इसके बाद म्यांमार और थाईलैंड में भारतीय दूतावासों ने कार्रवाई कर उन्हें छुड़ाने में सफलता पाई।

भारत सरकार की चेतावनी

- भारत सरकार ने नागरिकों को सावधान रहने की सलाह दी है। लोगों से अपील की गई है कि वे किसी भी विदेशी नौकरी के प्रस्ताव को स्वीकार करने से पहले संबंधित देश में भारतीय दूतावास, अधिकृत भर्ती एजेंटों और कंपनियों से उसकी पुष्टि कर लें।